卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 128 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦12 फरवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# कोश्यारी का इस्तीफा मंजूर

मुम्बई (उद संवाददाता)।महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया है। उनकी जगह रमेश बैस को महाराष्ट्र का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी को साल 2019 में महाराष्ट्र का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया था। उससे पहले कोश्यारी नैनीताल के सांसद भी रह चुके हैं। महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल सी रविशंकर का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उन्हें यहां का नया राज्यपाल बनाया गया था। नवंबर 2000 में उत्तराखंड को देश का 27 वां राज्य बनाया गया। उस समय पहले मुख्यमंत्री रहे नित्यानंद स्वामी की सरकार में कोश्यारी को ऊर्जा मंत्री बनाया गया था। इसके बाद अक्टूबर 2001 में भाजपा आलाकमान ने कोश्यारी को स्वामी के उत्तराधिकारी के रूप में मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी। कोश्यारी केवल पांच महीने ही मुख्यमंत्री रहे। साल 2002 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को पराजित कर कांग्रेस सत्ता में आ गई। उसके बाद 2002 से 2007 तक वे उत्तराखंड विधानसभा में नेता विपक्ष भी रहे। वर्ष 2008 से 2014 तक वे उत्तराखंड से राज्यससभा के सदस्य चुने गए थे। भगत सिंह (शेष पृष्ठ सात पर)



## तीन साल में कई विवादों को लेकर चर्चाओं में रहे कोश्यारी

मुम्बई। राज्यपाल की कुर्सी पर लगभग 3 साल रहे कोश्यारी इस छोटे से कार्यकाल में अपने बयानों और फैसलों से कई बार विवाद खड़ा कर चुके हैं। अपने कार्यकाल के दौरान महाविकास अघाड़ी के साथ भी उनकी तनातनी खुलकर नजर आई। वहीं उनके बयानों को लेकर विपक्ष लगातार उन पर निशाना साधता रहा और बीजेपी के इशारे पर काम करने का आरोप लगाता रहा। उन्होंने कई बार ऐसे बयान दिए, जिसको लेकर विवाद छिड़ गया और माफी तक मांगनी पड़ी। इसी साल जनवरी में उन्होंने महाराष्ट्र राजभवन में (शेष पृष्ठ सात पर)

# सीएम को दिखाए काले झण्डे

देहरादून (उद संवाददाता)। एक कार्यक्रम में शिरकत करने जा रहे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को कांग्रेस कार्यकर्ताओं और छात्रों के विरोध का सामना करना पड़ा। मुख्यमंत्री को काले झण्डे दिखा रहे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने गिरफ्तार



कर लिये। दरअसल विकासनगर कालसी में चल रही खेलकूद प्रतियोगिता के कार्यक्रम में शामिल होने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पहुंचना था। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वह हेलीकॉप्टर से कालसी स्थित सेना(शेष पृष्ठ सात पर)

# आईआईटी के छात्र की गंगा में डूबने से मौत

हरिद्वार(उद संवाददाता)। आई०आई०टी के एक छात्र की गंगा नदी में डूबने से मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची एसडी आरएफ ने सर्च ऑपरेशन चलाकर डूबे हुए छात्र का शव बरामद कर लिया। जानकारी के अनुसार 21 वर्षीय सिद्धार्थ निवासी नागौर राजस्थान अपने दोस्तों के साथ यहाँ घूमने आया था। रविवार सुबह नदी में स्नान के दौरान वह अचानक नदी में डूबने लगा और देखते देखते नदी में ओझल हो गया। युवक के डूबने की जानकारी मिलने पर राज्य आपातकालीन नियंत्रण केंद्र हरिद्वार द्वारा एसडीआरएफ वाहिनी नियंत्रण कक्ष में सूचना दी गयी ।सूचना पर पोस्ट ढालवाला से उप निरीक्षक मनीष भाकुनी अपनी डीप डाइविंग टीम के साथ आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के तत्काल घटनास्थल हेतु रवाना हुई। एसडीआरएफ डीप डाइविंग टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर तुरन्त सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। एसडीआरएफ डीप डाइविंग टीम द्वारा कड़ी मशक्कत के उपरांत उक्त छात्र को नदी से बाहर निकाला गया । सीपीआर भी दिया गया परन्तु सभी प्रयास विफल रहे। एसडी आरएफ टीम ने छात्र के शव को अग्रिम कार्यवाही हेतु जिला पुलिस के सुपुर्द कर दिया। छात्र की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।



# तीन दुकानों में भड़की आग,लाखों की क्षति

नैनीताल(उद संवाददाता)। मल्लीताल गाड़ी पड़ाव क्षेत्र में रविवार तड़के मोबाइल की बंद दुकान में आग लग गई। जिससे हड़कंप मच गया। चौकीदार ने दुकान से धुआं और आग की लपटें उठती देखी तो लोगों जानकारी दी। देखते ही देखते आग ने तीन दुकानों को चपेट में ले लिया। सूचना के बाद पहुंची दमकल विभाग की टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। मगर आग में तीन दुकानें पूरी तरह जलकर राख हो गईं। साथ ही आस-पास के अन्य भवनों में भी भारी नुकसान हो गया। जानकारी के मुताबिक रविवार तड़के करीब तीन बजे गाड़ी पड़ाव चौकीदार ने क्षेत्र स्थित मोबाइल की दुकान से धुआं और आग की लपटें उठती हुई देखी। जिससे उसके हाथ पांव फूल गए। तत्काल उसने दुकान स्वामी और आस- पास के लोगों को फोन पर सूचना दी। जब तक बाहर निकल लोग मौके पर पहुंचे आग भीषण रूप ले चुकी थी। देखते ही देखते आग ने अन्य दुकानों को भी चपेट में ले लिया। आग लगी दुकानों के ठीक ऊपर एक होटल भी स्थित है। जिसमें पर्यटक ठहरे हुए थे। होटल में धुआं भर जाने के कारण पर्यटकों और होटल कर्मियों में भी अफरा-तफरी मच गई। किसी तरह लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। सूचना के बाद दमकल विभाग मौके पर पहुंच गया। मगर बाजार (शेष पृष्ठ 7 पर)



## भाजपा नेता समेत दो अन्य पर पच्चीस हजार का इनाम घोषित

हरिद्वार (उद संवाददाता)। पेपर लीक मामले में युवाओं को आक्रोश को देखते हुए एसएसपी अजय सिंह ने पेपर लीक मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों की मुश्किल बढ़ा दी है। तीनों पर 25 हजार का ईनाम घोषित किया गया है। बता दें पेपर लीक मामले में पूर्व भाजपा नेता संजय हित अनुराग और डेविड फरार चल रहे हैं। पुलिस उनकी कई दिनों से तलाश कर रही है। तीनों की गिरफ्तारी के लिए अब एसएसपी अजय सिंह ने संजय सहित अनुराग और डेविड पर पच्चीस-पच्चीस हजार रुपय के इनाम घोषित किये हैं।

# कड़ी सुरक्षा में हुई पटवारी/लेखपाल परीक्षा

देहरादून/रूद्रपुर।पेपर लीक होने के बाद रविवार को दोबारा आयोजित हो रही लेखपाल-पटवारी भर्ती परीक्षा कड़ी सुरक्षा में हुई। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। राज्य में रविवार को 498 केंद्रों में परीक्षा आयोजित हुई। देहरादून जिले में परीक्षा 72 केंद्रों पर आयोजित हुई। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही। परीक्षाओं में धांधली के विरोध में आंदोलन व पथराव करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए छह आरोपित परीक्षा में नहीं बैठ पाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से इन युवकों को पेपर दिलाने के इंतजार करने के लिए डीजीपी को आदेश जारी किए गए गए। जेलर पवन कोठारी ने बताया कि युवक पेपर नहीं दे रहे हैं। रविवार को परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र में प्रवेश कर रहे अभ्यर्थियों की वीडियोग्राफी भी की गई। रूद्रपुर- जिले में 47 परीक्षा केन्द्रों पर पटवारी भर्ती की परीक्षा कड़ी सुरक्षा में हुयी। जिले में परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए 19 सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाये गये थे। परीक्षा के लिए जिले को दो सुपर जोन, 5 जोन में बांटा गया था। परीक्षा केन्द्रों पर एहतियात के तौर पर धारा 144 (शेष पृष्ठ सात पर)



# पुलिस कस्टड्डी में जेल से पेपर देने पहुंचा हत्यारोपी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हत्या के मामले में पिथौरागढ़ जेल में बंद चल रहे एक आरोपी आज पुलिस कस्टडी में परीक्षा देने के लिए भूरारानी स्थित परीक्षा केन्द्र पर पहुंचा। दरअसल तल्ला भैसूड़ी अटलगांव डीडीहाट पिथौरागढ़ निवासी गोकुल सिंह देऊपा पुत्र श्याम सिंह देऊपा पर हत्या का मुकदमा वर्ष, 2022 में दर्ज हुआ था। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तब से वह जेल में बंद है। उसके खिलाफ हत्या का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। एसएसआई कमाल हसन ने बताया कि आरोपी ने पटवारी-लेखपाल (शेष पृष्ठ सात पर)



# सवा लाख का ईनामी कुख्यात घोड़ाहसन गैंग का बदमाश दबोचा

**रूद्रपुर में भी मोबाइल शोरूम को बनाया था निशाना**

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड एसटीएफ ने हरिद्वार जनपद से 2018 एवं जनपद उद्यमसिंहनगर से 2019 से फरार घोड़ासन गैंग/चादर गैंग के सवा लाख के ईनामी बदमाश को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपी ने 2018 में रानीपुर मोड हरिद्वार से एवं वर्ष 2019 में रूद्रपुर के पास गिरोह के साथ प्राईम एप्पल शोरूम से लाखों रूपये के मोबाईल, लैपटॉप, आईपेड पर हाथ साफ किया था। वर्ष 2018 से हरिद्वार से वांछित होने के बाद भी उसने रूद्रपुर मोबाईल (शेष पृष्ठ सात पर)



# रुद्रपुर में खुला बाठला हॉस्पिटल एंड मेटरनिटी सेंटर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डा. मदनलाल बाठला के सुपुत्र डा. नितिक बाठला एवं पुत्रवधू डा. मनप्रीत आनंद बाठला के नव हॉस्पिटल बाठला हॉस्पिटल एंड मेटरनिटी हॉस्पिटल का आज सिविल लाइन में धार्मिक अनुष्ठानों के बीच भव्य शुभारंभ किया गया। जिसका उद्धघाटन डा. नितिक बाठला के पिता डा. मदन लाल बाठला एवं माता श्रीमती सुदेश बाठला ने संयुक्त रूप से परिजनों व गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी में फीता काट कर किया। डा. नितिक बाठला तथा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. मनप्रीत आनंद बाठला ने बताया कि यहां पर सामान्य व सर्जरी ऑपरेशन प्रसव, महावारी की अनियमितता एवं अन्य समस्याएं, बच्चेदानी की रसौली, अंडाशय की गांठ, बांझपन का ईलाज, दूरबीन द्वारा ऑपरेशन, बार बार गर्भपात होना, पीसीओडी, सफेद पानी आना, केंसर की स्क्रीनिंग, बच्चा बंदी का ऑपरेशन, छाती की गांठ, पेशाब का लीक होना, दुर्गंध (शेष पृष्ठ सात पर)





# स्पीकर से मिला कांग्रेस नेताओं का प्रतिनिधिमंडल

## सर्वदलीय बैठक बुलाकर विधानसभा के बर्खास्त कर्मचारियों के संबंध मेंसमाधान निकालने की गुहार लगाई

देहरादून(उद संवाददाता)। विपक्षी दल कांग्रेस के प्रतिनिधि मण्डल ने शनिवार को विधानसभा अध्यक्षा श्रीमती ऋतु भूषण खंडूड़ी से उनके देहरादून स्थित आवास पर भेंट कर उन्हें विधानसभा के बर्खास्त कर्मचारियों के संबंध में ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा, मंत्री प्रसाद नैथानी, विधायक हरीश धामी, गमिमा दसौनी आदि मौजूद रहे। पूर्व सीएम हरीश रावत विस अध्यक्ष से मुलाकात के बाद बर्खाशत कर्मचारियों को बहाल करने की अपील करते हुए सरकार से सर्वदलीय बैठक बुलाकर समाधान करने की मांग की है। सोशल मीडिया पर जारी एक संदेश के अनुसार पूव 'सीएम हरदा ने बताया है कि मुझसे विध ानसभा से बर्खास्त कर्मचारी मिले थे, उनके आंखों के आंसू मुझे विचलित करने के लिए पर्याप्त थे और मैं समझता हूं किसी को भी विचलित करने के लिए पर्याप्त होने चाहिए! जहां जरा सी भी मानवता है, वो इस समस्या का समाधान ढूंढना चाहेगा। मैंने पिछले दिनों एक ट्वीट किया था जिसमें मैंने आग्रह किया था कि एक सर्वदलीय या विधानसभा की सर्व पक्षीय बैठक सोच ही अब इसका समाधान निकाल सकती है। हमारे कुछ विधायकगणों व पूर्व विधायकगणों ने भी एक हस्ताक्षर कर माननीय मुख्यमंत्री और माननीय स्पीकर महोदया से अपील की है कि निर्दोष लोगों की नौकरी बचाइये। मुझे मालूम है कि स्पीकर महोदया और मुख्यमंत्री महोदय के लिए भी पीछे हटना कठिन है। मगर यदि कुछ ऐसा संभव समाधान उनके सम्मुख रखा जाए तो उनको उसको मानने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए! मेरे पास इस संदर्भ में दो प्रपोजल हैं। आज भी मैंने एक घंटा चिंतन कर उन प्रपोजल्स के प्रोस एंड कोन्स, कानूनी संभावनाएं आदि सब पर विचार किया। मुझे उम्मीद है कि माननीय मुख्यमंत्री जी, माननीय विधायकगणों, पूर्व विधायकगणों और हमें मिलने का समय देंगे, और हम उनके सामने इस समस्या का समाधान रखना चाहते हैं। बशर्ते सरकार और स्पीकर इसको एक समस्या मानकर इसका समाधान ढूंढने को उत्सुक हों।



# यात्रा को सुरक्षित करेगी पर्यटन मित्र पुलिस, सुगम होगा पर्यटकों का सफर

देहरादून। प्रदेश में इस वर्ष होने वाली चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर पुलिस भी सजग हो गई है। पुलिस पर्यटकों की सुरक्षा और उन्हें सहयोग देने के लिए यात्रा मार्ग पर राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और पर्यटन पुलिस की तैनात की जाएगी। इसके साथ ही यात्रा मार्ग के थाने और चौकियों में कार्मिकों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। प्रदेश में चारधाम यात्रा इस वर्ष अप्रैल माह में शुरू होगी। इसके लिए शासन, प्रशासन व पुलिस ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। चारधाम यात्रा में पुलिस की बेहद अहम भूमिका है। हर साल पुलिस चारधाम यात्रा के दौरान पर्यटकों की सुरक्षित यात्रा में सहयोग करती है। इस वर्ष भी पुलिस पर्यटकों को सुरक्षित रखने और उनके सफर को सुगम करने की तैयारी में जुट गई है। इस कड़ी में चारधाम यात्रा मार्ग पर एसडीआरएफ और पर्यटन मित्र पुलिस को तैनात करने की तैयारी है। इसके तहत प्रदेश के चारों धाम में जाने वाले मार्गों के संवेदनशील स्थानों पर एसडीआरएफ की तैनाती की जाएगी। इन्हें नियमित अंतराल पर तैनात किया जाएगा। इसके अलावा पर्यटकों को सहयोग देने के लिए पर्यटन पुलिस की तैनाती की जा रही है। इन्हें यात्रा मार्ग में चारधाम, प्रमुख ठहराव स्थल और पर्यटन क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा। पर्यटन पुलिस में नियमित पुलिस के ही कार्मिकों को शामिल किया जाएगा। इससे पूर्व इन्हें पुलिस लाइन में प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें इन्हें पर्यटकों के साथ बातचीत, उनकी समस्याओं के समाधान और उनके साथ अच्छा व्यवहार करने के संबंध में प्रशिक्षित किया जाएगा। गत वर्ष चारधाम यात्रा के दौरान पुलिस ने कई यात्रियों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने, उन्हें दुर्घटना से बचाने और खोया हुआ सामान लौटाने में भी मदद की थी। पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने बताया कि यात्रा की तैयारियों को लेकर अगले सप्ताह बैठक बुलाई जाएगी। इसमें यह तय किया जाएगा कि कहां कितनी संख्या में पुलिस तैनात की जानी है।

# तुर्की में आए भीषण भूकंप के मलवे से कोटद्वार के युवक का शव बरामद

कोटद्वार। तुर्की में आए भूकंप की भेंट कोटद्वार का विजय भी चढ़ गया। पिछले पांच दिनों से विजय की सलामती की प्रार्थना कर रहे स्वजनों की आस शनिवार को उस वक्त टूट गई, जबकि विजय की कंपनी से आए फोन पर उन्हें विजय के निधन की सूचना मिली। अब स्वजनों को विजय के शव का इंतजार है।बताते चलें कि कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत पदमपुर-सुखरो में पोखरियाल कालोनी निवासी विजय कुमार बंगलौर में एक निजी कंपनी में कार्यरत था व बीती 22 जनवरी को कंपनी के कार्य से तुर्की गया हुआ था। पांच फरवरी को परिवार की वीडियो काल के माध्यम से विजय से बात भी हुई थी। लेकिन, छह फरवरी को तुर्की में भूकंप आने के बाद से स्वजनों को विजय से संपर्क नहीं हो पाया। विजय के भाई अरूण लगातार कंपनी के संपर्क में थे। कंपनी के अधिकारियों का कहना था कि तुर्की में जिस होटल में विजय रूका था, वह भूकंप से पूरी तरह ध्वस्त हो गया। कंपनी के अधिकारी स्पष्ट तौर पर विजय के बारे में कुछ नहीं बता रहे थे। शनिवार को तुर्की में विजय का शव बरामद होने के बाद कंपनी अधिकारियों ने उसकी मौत की सूचना घर में दी। विजय की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। पिछले पांच दिनों से विजय की सलामती के लिए प्रार्थना कर रहे स्वजन पूरी तरह सकते में हैं। इधर, विजय के निधन की सूचना मिलने के बाद नाते-रिश्तेदार भी उनके घर पहुंचने लगे हैं।

# नकल विरोधी कानून: प्रश्नपत्र और उत्तर कुंजियों के संबंध में भ्रामक सूचना भी दंड के दायरे में

देहरादून (उद संवाददाता)। सरकार ने भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने के लिए उत्तराखंड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) अध्यादेश, 2023 की अधिसूचना जारी कर दी है। अब भर्ती परीक्षाओं और परीक्षा से संबंधित प्रश्नपत्र और उत्तर कुंजियों के संबंध में झूठी व भ्रामक सूचना भी दंड के दायरे में आ गई है। ऐसी सूचनाओं को प्रसारित करने वाली संस्था एवं व्यक्ति को दोषी माना जाएगा। शनिवार को जारी अधिसूचना के बाद नकल विरोधी सख्त कानून अस्तित्व में आ चुका है। इसमें कड़े प्रविधानों के साथ में व्यक्ति, संस्थान, पर्यवेक्षण करने वाले कर्मचारी व अभ्यर्थियों के संबंध में स्थिति स्पष्ट की गई है। प्रश्नपत्र के प्रतिरूप को प्रकट करने, इसका प्रयास करने अथवा षडयंत्र करने, प्रश्नपत्र को प्राप्त करने, प्रश्नपत्र हल करना अथवा इसका प्रयास करना भी दंड के दायरे में होगा। परीक्षार्थी की प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहायता करना और आनलाइन परीक्षाओं के प्रश्नपत्र हल करने, सहायता करने अथवा ओएमआर शीट से छेड़छाड़ करने वालों को भी दंडित किया जाएगा। परीक्षा के पर्यवेक्षण कार्यों में लगे कार्मिकों या किसी रिश्तेदार को चोट पहुंचने की लिखित, मौखिक व संकेतों से धमकी देने को भी अपराध की श्रेणी में रखा गया है। उत्तर पुस्तिका में अपशब्द, अश्लील एवं अभद्र भाषा का प्रयोग भी दंड के दायरे में लिया गया है।प्रश्नपत्र की चोरी, वसूली या नियम विरुद्ध उत्तर पुस्तिका और ओएमआर शीट को हटाना या नष्ट करना भी अपराध माना गया है।कर्मचारी प्रश्नपत्र को प्राप्त करने अथवा इसका प्रयास करने अथवा हल करने का कार्य नहीं करेगा।प्रश्नपत्र से संबंधित गोपनीय सूचना लीक नहीं की जाएगी। कोई भी डाटा प्रकट नहीं किया जाएगा। ऐसा करना दंड की श्रेणी में रहेगा।इस अध्यादेश में जिला मजिस्ट्रेट को तलाशी और अभिग्रहण की शक्ति दी गई है।वहीं पुलिस को इस मामले में गिरफ्तार करने की शक्ति दी गई है। अध्यादेश में परीक्षा केंद्र में प्रवेश के मानकों को सख्त किया गया है। इसमें साफ किया गया है कि जो व्यक्ति परीक्षा में तैनात नहीं है अथवा उसे परीक्षा के संचालन में नहीं रखा गया है वह परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं करेगा। यह भी स्पष्ट किया गया है कि परीक्षा केंद्र में किसी प्रकार का इलेक्ट्रानिक उपकरण जैसे मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, घड़ी, केलकुलेटर, घड़ी, चिप अथवा कंप्यूटर को प्रभावित करने वाला उपकरण ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। यह भी साफ किया गया है कि यदि अध्यादेश में दिया गया कोई अपराध कंपनी द्वारा किया जाता है तो इस अवधि में जो भी कंपनी का प्रभारी और संचालन के लिए जिम्मेदार होगा वह भी इसका दोषी माना जाएगा।परीक्षार्थी के नकल करते अथवा करवाते हुए पकड़े जाने पर न्यूनतम पांच लाख जुर्माना और नौ माह का कारावास। परीक्षा से संबंधित व्यक्ति जो परीक्षा कराने से लेकर परिवहन तक में शामिल होगा उसे दोषी पाए जाने पर दस वर्ष से लेकर आजीवन कारावास और न्यूनतम एक करोड़ से लेकर 10 करोड़ तक का जुर्माना व तीन साल की सजा।संगठित अपराध की श्रेणी में पकड़े जाने पर दस वर्ष से लेकर आजीवन कारावास व एक करोड़ से लेकर 10 करोड़ तक का जुर्माना।उत्तर पुस्तिकाओं व ओएमआर शीट में छेड़छाड़ पर न्यूनतम सात से 10 वर्ष का कारावास और न्यूनतम 50 लाख से लेकर एक करोड़ तक का जुर्मानाअपराध करने पर परीक्षार्थी को आरोप पत्र दाखिल होने पर दो से पांच साल का कारावास व दोष सिद्ध होने पर दस वर्ष का कारावास व सभी प्रतियोगी परीक्षाओं से डिबार किया जाएगा।दूसरे बार पकड़ जाने पर आरोप पत्र दाखिल होने पर पांच से 10 वर्ष का कारावास व दोष सिद्ध होने पर प्रतियोगी से आजीवन परीक्षाओं से प्रतिबंधित होंगे।अध्यादेश में दोष साबित होने पर दोषी व्यक्ति अथवा संस्थान की संपत्ति कुर्क करने की व्यवस्था भी इस अध्यादेश में की गई है।




अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• Crown, Bridge & Dental Implant
• Complete Denture
• Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• Ultrasonic Scaling
B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave, Near ICON School, Sidcul-Bigwara Road, Rudrapur, U.S. Nagar

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# वरिष्ठ पत्रकार केसी पंत की पुण्य तिथि पर परिवार ने लिया नेत्र दान का संकल्प

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।वरिष्ठ पत्रकार केसी पंत की पुण्य तिथि पर परिवार ने आई मोटिवेटर प्रथम बिष्ट के समक्ष बेटी सीमा पंत तिवारी और पुत्र मोहित ने नेत्र दान संकल्प लिया। जिसके लिए समाज ने कार्य और इस नयी परंपरा की सरहाना की। वरिष्ठ पत्रकार केसी पंत की पुण्य तिथि पर आई डोनेशन सलाहकार प्रथम बिष्ट ने हल्द्वानी और रूद्रपुर के लोगो और परिवार को नेत्र दान महादान के लिए प्रेरित किया साथ ही प्रथम बिष्ट ने कहा कि नेत्रदान महादान के समान हैं, ऐसे दान को प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए ताकि मरने के बाद कोई उनकी आंखों से इस दुनिया को देख सकें। बहुत से लोग मानते हैं कि नेत्रदान के दौरान उनकी पूरी आंख निकाल दी जाती है, जिससे आंख का सॉकेट खाली रहता है। जो कतई सच नहीं है। आमतौर पर केवल कॉर्निया जो आंख की सबसे बाहरी परत होती है, बहुत धीरे से निकाली जाती है। आंखों के अन्य भाग जिन्हें दान किया जा सकता है वे हैं-कॉर्निया पलकें अश्रु नलिका (टीयर डक्ट)एमनियोटिक मेंबरेन। प्रथम बिष्ट का कहना है,अधिकतर मामलों में हर कोई नेत्रदान कर सकता है। इसमें ब्लड ग्रुप, आंखों के रंग, आई साइट, साइज, उम्र, लिंग आदि से कोई फर्क नहीं पड़ता है। डोनर की उम्र, लिंग, ब्लड ग्रुप को कॉर्नियल टीश्यू लेने वाले





व्यक्ति से मैच करने की कोई आवश्यकता नहीं होती है। यहां तक कि डायबिटीज, अस्थमा के मरीज भी आंखें दान कर सकते हैं। इसके अलावा हाइपरटेंशन या नॉन कम्यूनिकेबल बीमारी का सामना कर रहे मरीज भी आंखें दे सकते हैं। हालांकि, जिन लोगों की मृत्यु कम्यूनिकेबल बीमारी, एड्स, रेबिज, हेपेटाइटिस बी या सी, टिटनेस आदि से हुई है तो उन मरीजों की आंखें दान में नहीं दी जा सकती है। प्रथम बिष्ट ने नेत्र दान को परंपरा बनाने की अपील की हैं। उन्होंने कहा कि पुण्य तिथि , विवाह , जन्मदिन,कोई भी धार्मिक कार्यक्रम हर जगह नेत्र दान और जीवों पे दया की जागरूकता हो । मृत्यु एक सत्य है मगर उस सत्य के बाद जाते जाते किसी के घर और संसार में रोशनी देने का पुण्य काम नेत्र दान महादान ही हैं।

# उत्तराखंड युवा एकता मंच ने पटवारी भर्ती परीक्षा पर उठाये सवाल

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। उत्तराखंड युवा एकता मंच के बैनर तले हल्द्वानी में चल रहे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में उत्तराखंड युवा एकता मंच के पदाधिकारियों ने प्रेस वार्ता कर पटवारी भर्ती को लेकर कई सवाल उठाये। पटवारी भर्ती पर पेपर लीक का संदेह व्यक्त करते हुए उत्तराखंड युवा एकता मंच के संयोजक पीयूष जोशी ने कहा कि रविवार को आयोजित हो रही पटवारी परीक्षा में एडमिट कार्ड में हस्ताक्षर निलंबित हो चुके परीक्षा नियंत्रक सुंदरलाल सेमवाल के हैं ,जो अपने आप में परीक्षा पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर देते हैं। शुक्रवार को सरकार द्वारा सुंदरलाल सेमवाल को पूर्व में आयोजित पटवारी भर्ती लीक प्रकरण में निलंबित कर हरिद्वार के सिटी मजिस्ट्रेट अवधेश कुमार सिंह को परीक्षा नियंत्रक का कार्यभार सौंपा है। वर्तमान में आयोग के परीक्षा नियंत्रक सुंदरलाल सेमवाल के ऊपर पटवारी भर्ती लीक प्रकरण में जांच चल रही है। उत्तराखंड युवा एकता मंच ने इसी संदर्भ में उत्तराखंड पब्लिक सर्विस कमिशन प्रोसीदियर एंड कंडक्ट ऑफ बिजनेस रूल 2013 के चैप्टर 4 का हवाला देते हुए कहा कि इसके विभिन्न प्रावधानों के अनुरूप परीक्षा नियंत्रक के हाथ में परीक्षा कराना ,परीक्षा के एग्जाम सेट करने वाले एक्सपर्ट की नियुक्ति की जिम्मेदारी एक्जामिनेशन कंट्रोलर की



होती है ।वर्तमान में सभी भर्ती लीक प्रकरणों में पेपर लीक प्रिंटिंग प्रेस से हो रहे हैं और आयोग की नियमावली के अनुसार प्रिंटिंग प्रेस प्रेस से सिक्रेसी मेंटेन करना आयोग के परीक्षा नियंत्रक की जिम्मेदारी होती है। उत्तराखंड एकता मंच ने सवाल उठाते हुए कहा कि जब पेपर सेट करने वाले एक्सपर्ट भी एग्जामनेशन कंट्रोलर की देखरेख में कार्य कर रहे हैं। जब पूरे आयोग की परीक्षा से संबंधित सभी कार्य परीक्षा नियंत्रक की देखरेख में होने हैं और वह हाल ही में शुक्रवार को ही पद से निलंबित किए गए हैं । ऐसे में वर्तमान में आयोजित हो रही लेखपाल पटवारी भर्ती पर भी सवाल उठने लाजमी है। क्योंकि वर्तमान में आयोजित हो रही सभी परीक्षाएं कहीं ना कहीं संदेह के घेरे में है। वर्तमान में आयोजित हो रही पटवारी भर्ती संदेह के घेरे में इसलिए भी आ जाती है कि मुख्यमंत्री द्वारा बेरोजगार संघ के पदाधिकारियों से वार्ता उपरांत यह बताया गया कि पूरा पेपर दोबारा बनाया गया है । परंतु सरकार द्वारा यह स्पष्ट नहीं किया गया कि जो पेपर बना था उस समय परीक्षा नियंत्रक कौन था। अगर पेपर सेमवाल की निगरानी में बना था तो ऐसे में पेपर लीक होने की आशंका हैं और अगर पेपर लीक होता है ऐसे में युवाओं का विश्वास वर्तमान की भर्ती परीक्षाओं से उठना लाजमी है।उत्तराखंड युवा एकता मंच ने मांग उठाई कि पहले सभी भर्ती परीक्षाओं की निष्पक्ष जांच सीबीआई से करवाई जाए उसके बाद ही कोई परीक्षा आयोजित की जाए। पीयूष जोशी ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप में संदेह के घेरे में चल रही परीक्षा का बहिष्कार करते हैं व जांच उपरांत ही कोई परीक्षा आयोग में देंगे ।

# आप कार्यकर्ताओं ने फूंका पुतला

गदरपुर(उद संवाददाता)। देहरादून में बेरोजगारों पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए काशीपुर जिले से आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने सरकार का पुतला दहन कर रोष जाहिर किया। आपको बता दें कि शनिवार शाम को आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुभाष व्यापारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सकेनिया मोड़ के समीप सरकार का पुतला दहन कर रोष जाहिर किया है सुभाष व्यापारी ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रदर्शनकारियों पर बर्बरता पूर्व लाठीचार्ज करना गुलामी के दौर की याद ताजा



करवाता है उत्तराखंड में सभी भर्तियों में पेपर लीक हो रहे हैं नौजवान के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है लेकिन उत्तराखंड सरकार परीक्षाओं को निरस्त कर और कुछ लोगों पर कार्यवाही करते हुए अपनी जिम्मेदारी से इतिश्री कर ले रही है भर्ती घोटालों की उच्च स्तरीय जांच से सरकार का भागना इस बात का प्रमाण है कि भर्ती घोटाले के पूरे प्रकरण में भाजपा के उच्च स्तरीय नेता भी शामिल हो सकते हैं उन्होंने कहा कि देहरादून में हुए लाठीचार्ज पर सरकार को बेरोजगारों से माफी मांगते हुए भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच की संतुष्टि करनी चाहिए इस दौरान जिला उपाध्यक्ष भुवन बिष्ट,बूथ प्रभारी अशोक कुमार, जगदीश, पवन विश्वास,मिर्तुन जय, विजय सिंह, पिरकट सिंह जे पी सिंह आदि लोग शामिल रहे।

# ऑनलाइन हज आवेदन शुरु,सरकार ने पंजीकरण शुल्क किया समाप्त

सितारगंज(उद संवाददाता )। हज जाने वाले जायरीनों के लिए आनलाइन आवेदन शुरु हो गए है। इस बार हज को रवाना होने वाले आवेदकों के लिए सरकार ने सुविधाओं को और



अधिक सुलभ बना दिया है। आवेदकों का हज पंजीकरण शुल्क निरस्त कर दिया गया है। 10 फरवरी से हज कमेटी आफ इंडिया मुम्बई की बेबसाइड पर आवेदक आनलाइन आवेदन नजदीकी साइबर कैफे, कामन सर्विस सेंटर के साथ ही खुद के मोबाइल से घर बैठे कर सकता है। राज्य हज समिति अध्यक्ष खतीब अहमद ने बताया कि दस फरवरी से हज कमेटी आफ इंडिया मुम्बइ की बेबसाइड पर आनलाइन हज आवेदन प्रारम्भ कर दिये गये है। जिसकी अंतिम तिथि 10 मार्च तय की गई है। आवेदन करने वाले जायरीनों के पास पासपोर्ट 10 मार्च से पूर्व का बना होना चाहिए। जिसकी वैधता 3 फरवरी 2024 तक होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस बार सरकार ने हज पंजीकरण शुल्क समाप्त कर दिया है। हज के लिए कवर में 4 बच्चे दो व्यस्क शामिल किए गए है। हज यात्रा 30 से 40 दिन अवधि की रहेगी। सरकारी कोटा निरस्त किया गया है। जबकि हज कमेटी का कोटा इस बार 80 फीसद और प्राइवेट टूर आपरेटरों का कोटा 20 फीसद रहेगा। आवेदक का दोनों कोविड वक्सीनेशन अनिवार्य है। सरकार ने हज यात्रा के लिए 65 वर्ष की आयु का प्रतिबंध हटा दिया है। 70 वर्ष के आवेदक को एक कम्पेनियन यानि ब्लड रिलेशन श्रेणी में आवेदन की अनुमति दी गई है। दो वर्ष से कम आयु के बच्चे से 10 फीसद हवाई किराया लिया जाएगा।

## पासपोर्ट में दिक्कत को दूर करायेगी हज समिति

सितारगंज। पासपोर्ट के लिए आवेदन, फिंगरप्रिंट होने के बाद निर्गत होने में आने वाली कठिनाईयों का राज्य हज समिति के अधिशासी अधिकारी समाधान करायेंगे। इसके लिए हज जाने वाले इच्छुक आवेदक आनलाइल पासपोर्ट सिल्प के साथ समिति के अधिशासी अधिकारी से सम्पर्क कर सकते है। इसके अलावा राज्य हज समिति अध्यक्ष खतीब अहमद ने बताया कि इस बार दस इम्बारकेशन पोइंट से पूर्व में हज यात्री हज के लिए रवाना किये गये थे। इस बार इम्बारकेशन पोइंट बढ़ाकर 25 किये गये है। उन्होंने बताया कि हज कमेटी आफ इंडिया की तरफ से आइडीबी के माध्यम से कुर्बानी की व्यवस्था की जायेगी। हज आवेदक हज कमेटी के माध्यम से कुर्बानी कराना चाहते है तो उन्हें हज आवेदन में टिक करना पड़ेगा। इसके बाद कुर्बानी का आप्सन संसोधित नही किया जाएगा।

## दिव्यांग जायरीन के साथ ब्लड रिलेशन व्यक्ति के आवेदन की अनुमति

सितारगंज। पंजीकृत दिव्यांग हज यात्री के साथ सरकार ने देखभाल के लिए ब्लड रिलेशन व्यक्ति को आवेदनकी अनुमति दी है। जो पूरी हज यात्रा में दिव्यांग की देखभाल कर सकता है। इस बार हज आवेदन में आधार कार्ड, पेनकार्ड को अंकित करना अनिवार्य किया गया है। हज यात्रा में 45 वर्ष से अधिक की महिलाएं बिना शौहर यानि मरहम के यात्रा पर जाना चाहती है तो वे चार-चार के ग्रुप में अनुमति प्राप्त कर सकती है। सऊदी अरब सरकार की शर्तो के अनुरुप अकेली महिला भी हज यात्रा के लिए आवेदन कर सकती है। जिसके बाद हज कमेटी आफ इंडिया महिलाओं का ग्रुप तैयार सकती है।

ANANT GRAPHICS
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us 98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur

# स्वयं सेवियों को दी स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टीबी जागरूकताश की थीम पर आयोजित इस एक दिवसीय शिविर में स्वास्थ्य विभाग से आए विशेषज्ञों ने स्वयंसेवियों को टीबी सहित स्वास्थ्य के सम्बंध में सारगर्भित जानकारी दी। जिला पीएमडीटी एवं टीबी -एचआईवी समन्वयक डॉ. नवल किशोर ने स्वयंसेवियों को टीबी संक्रमण के लिए उत्तरदायी कारक, उसके प्रमुख लक्षणों, उसके प्रसार के कारणों, बचाव के उपायों की जानकारी दी तथा टीबी नियंत्रण के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिला चिकित्सालय से ही क्लस्टर प्रोग्राम मैनेजर डॉ. श्वेता दीक्षित ने स्वयंसेवियों को इस बारे में विस्तार से बताया कि टीबी से किस तरह के रोगों के शिकार लोगों के संक्रमित होने की ज्यादा संभावना होती है। इस सम्बंध में उन्होंने बताया कि एड्स की बीमारी से ग्रसित लोगों का प्रतिरक्षा तंत्र कमजोर होने के कारण उन लोगों के टीबी की बीमारी से संक्रमित का खतरा ज्यादा होता है। स्वास्थ्य विभाग के क्लिनिकल सर्विस ऑफीसर डॉ. जयंत नन्द जोशी ने टीबी के प्रसार में पशुओं की भूमिका के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने स्वयंसेवियों को बताया कि हमें अपने दैनिक जीवन में साफ-सफाई के माध्यम से टीबी के बैक्टीरिया के प्रसार को रोकने का प्रयास करना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग के टीबी हेल्थ विजिटर डॉ.विजय वर्मा ने स्वयं सेवियों को डायरेक्टली ऑब्जर्व्ड ट्रीटमेंट के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि दो हफ्ते से ज्यादा खांसी होने पर तुरन्त चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए। उन्होंने टीबी से संक्रमित व्यक्तियों की मदद करने के लिए स्वयंसेवियों को सरकार द्वारा दिए जाने वाले विभिन्न



प्रोत्साहनों के बारे में जानकारी दी। इस एक दिवसीय शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कुमार सिंह ने स्वास्थ्य और चिकित्सा विभाग से आए विषय विशेषज्ञों के साथ टीबी जागरूकता के सम्बंध में किए गए अपने सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों को साझा करते हुए स्वयंसेवियों के जागरूकता स्तर की जानकारी दी और स्वयं सेवियों की शंकाओं के निराकरण का आग्रह किया। स्वयंसेवियों को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी जन्तु विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ. दीपमाला ने टीबी से जुड़े विभिन्न वैज्ञानिक और चिकित्सकीय पहलुओं की जानकारी दी तथा स्वास्थ्य विभाग से आए सभी चिकित्सकों का इतनी महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में समाजशास्त्र की विभाग प्रभारी प्रोफेसर हेमलता सैनी , डॉ. अंचलेश कुमार , कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राघवेन्द्र मिश्र तथा डॉ. रंजीता जौहरी ने शिविर के स्वयंसेवियों के साथ मिलकर विवेकानन्द पार्क में श्रमदान करते हुए महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर टीबी जागरूकता के सम्बंध में एक पोस्टर प्रतियोगिता और स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में स्वयंसेवी नीतू मौर्य ने प्रथम, नैंसी ने द्वितीय तथा स्मृति छाबड़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में स्लोगन प्रतियोगिता में अफशा अंजुम ने प्रथम, रजनी ने द्वितीय तथा पूजा विश्वाश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ. कमला भारद्वाज, डॉ, रवीन्द्र कुमार सैनी तथा डॉ. विवेकानन्द पाठक शामिल रहे। कार्यक्रम में कुमायूं विश्विद्यालय छात्रसंघ सचिव हिमांशु सिंह, महाविद्यालय छात्रसंघ की उपाध्यक्षा केसु दास, उपाध्यक्ष आकाश कुमार, राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना के पूर्व स्वयंसेवी रमेश कोली ने स्वयंसेवियों को प्रोत्साहित किया। शिविर में मोहित, आलिम, कैलाश, पिंकी , बबिता, नेहा, रिया, प्रशान्त कुमार, नाजिश, धर्मेन्द्र कोरी सहित कुल 68 स्वयंसेवियों ने प्रतिभाग किया । महाविद्यालय के अनुसेवक संदीप सिंह डसीला ने कार्यक्रम में सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## नवनियुक्त मण्डल पदाधिकारियों का किया स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने अपने कैम्प



कार्यालय पर नवनियुक्त दक्षिणी मण्डल के पदाधिकारियों का मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया। उन्होंने नवीन जिम्मेदारी मिलने पर सभी को शुभकामनाएं दी और कहा भारतीय जनता पार्टी ने आपको जो जिम्मेदारी सौपी है निश्चित रूप आप पार्टी संगठन को मजबूत करने का कार्य करेगे ओर संगठन की रीति नीति को आगे ले जाते हुए आने वाले लोकसभा और निकाय चुनाव में जीत सुनिश्चित कराने का काम करेंगे। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली, महामंत्री सोनू अनेजा, सुनील ठुकराल, राजन राठौर, प्रीति धीर, गिरीश पाल, बाबू चड्डा, प्रीत ग्रोवर, मयंक कक्कड़, रोनिक नारंग, पंकज बागा, यमन बब्बर , मनोज मदान, मोहित कक्कड़, मानिक अरोरा, अरविंद गंगवार, ललित बिष्ट व अन्य लोग मौजूद रहे।

## निर्वाण दिवस पर पं.दीनदयाल को किया नमन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पं दीनदयाल उपाध्याय के निर्वाण दिवस पर भाजपा नगर अध्यक्ष प्रताप रैकवाल के संयोजन में वार्ड 21 बूथ न 108 में वार्ड के प्रभारी मनीष पाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में निवर्तमान जिला अध्यक्ष भाजपा



अल्पसंख्यक मोर्चा नैनीताल महबूब अली रहे। इस दौरान सभी ने पंडित उपाध्याय को नमन करते हुए उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वार्ड अध्यक्ष प्रकाश पाल, प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा कोषाध्यक्ष इसरार हुसैन, अमन अल्वी, जमाल सिद्दीकी, मोहम्मद इमरान, रजत पाल, चंद्रशेखर , अकील आदि लोग उपस्थित रहे।

## नया बजट किसानों के लिए कल्याणकारी: नेगी

लालपुर (उद संवाददाता)। भाजपा किसान मोर्चा द्वारा आयोजित बजट पर चर्चा कार्यक्रम में मोर्चे के प्रदेश महामंत्री महेन्द्र सिंह नेगी ने बजट को किसानों के लिए कल्याणकारी बताते हुए बजट की खूबियां गिनाई। वैष्णो देवी मंदिर परिसर में आयोजित बजट पर चर्चा कार्यक्रम का





शुभारम्भ प्रदेश महामंत्री महेन्द्र सिंह नेगी, किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। बजट पर चर्चा करते हुए प्रदेश महामंत्री महेन्द्र सिंह नेगी ने कहा कि केन्द्र सरकार के नये बजट में किसानों का जीवन स्तर सुधारने के लिए कई अहम फैसले लिये गये है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के लिए 60 हजार करोड़ का प्रावधाान किया गया हैं देश में लगभग 86 प्रतिशत छोटे किसान हैं जिन्हें केसीसी के माध्यम से लाभ पहुंचा है। इस बजट में उनके लिए 23 हजार करोड़ का प्रावधान है। पशुपालन, डेरी मत्स्य पालन के लिए विशेष ध्यान रखा गया है। श्री नेगी ने कहा कि बजट से छोटे किसानों को लाभ होगा, वहीं प्रधानमंत्री श्री मोदी की दूरदृष्टि के अनुरूप बजट में कृषि को आधुनिकता से जोड़ते हुए प्रौद्योगिकी के जरिये कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने पर जोर दिया है ताकि किसानों को दीर्घकाल तक व्यापक लाभ मिलेंइसके अलावा 3 साल में प्राकृतिक खेती के लिए 1 करोड़ किसानों को सहायता दी जाएगी, जिसके लिए 10 हजार बायो इनपुट रिसर्च सेंटर्स खोले जाएंगे। छोटे-मझौले किसानों को एफपीओ के जरिये संगठित करते हुए उन्हें खेती-किसानी से संबंधित सभी सुविधाएं मुहैया कराने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए 10 हजार नए एफपीओ बनाए जा रहे हैं। ये एफपीओ छोटे-मझौले किसानों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने की दिशा में क्रांतिकारी कदम है, जिसका लाभ इन किसानों को मिलने लगा है। कृषि से जुड़े स्टार्टअप को भी प्राथमिकता देने का ऐलान किया किया गया है। वहीं पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने किया कि डबल इंजन की सरकार में हर तरफ विकास की गंगा बह रही है। आगामी वर्षों में उत्तराखण्ड देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनने की दिशा में अग्रसर है। कार्यक्रम का संचालन मोर्चा के जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्रा ने किया। इस अवसर परजिला पंचायत सदस्य बंटी खुराना, मण्डल अध्यक्ष अजय अरोरा, मोहन तिवारी, आदेश मिश्रा, अंकित पाठक, रविकांत शर्मा, दीपक मिश्रा, राज गगनेजा, नीरज द्विवेदी, अमृत पाल रंधावा, नारायण पाठक, रघुनाथ ज्ञान सिंह, गुरबाज सिंह, भरत मिश्रा, उमेश, सूरज, गोल्डी अरोरा, इफ्तिकार अली, भूपेन्द्र सिंह, राजेश तिवारी आदि मौजूद थे।

## ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने खुले नाले पर रखवाये स्लैब

काशीपुर(उद संवाददाता)। ट्रेफिक इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह मेहरा ने आज सुबह मातहत कर्मचारियों के साथ रामनगर रोड पर चीमा चौराहे के समीप खुले नाले पर क्रेन की मदद से सीमेंट के स्लैब रखवाये ताकि दुर्घटना से बचाव हो सके। ज्ञातव्य है कि आरओबी निर्माण के बीच बाजपुर रोड रेलवे क्रॉसिंग पर पिछले पखवाड़े भर के करीब से कार्य प्रगति पर है। इसी को लेकर यातायात पुलिस व प्रशासन की रायशुमारी के बाद रूट डायवर्जन कर दिया गया। इस तरह एमपी चौक से कोर्ट रोड की ओर जाने वाल वाहनों को आगे टूरिस्ट होटल से यू टर्न लेकर गंतव्य की ओर जाना हो रहा है। इसी मोड़ पर खुला नाला होने के कारण गंभीर




दुर्घटनाओं की आशंका बनी थी। यातायात को सुगम बनाने के लिए ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने आज सुबह ट्रेन की मदद से खुले नाले पर सीमेंट के तीन स्लैब रखवा दिए ताकि कोई भी वाहन मुख्य मार्ग से मुड़ते हुए दुर्घटना का शिकार ना हो। इसके साथ ही डायवर्जन के बाद से ट्रैफिक पुलिस व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निमित्त पूरी तरह सक्रिय हो गई है। मुख्य मार्ग पर टांडा उज्जैन तिराहा, रेलवे स्टेशन रोड, स्टेडियम तिराहा व चीमा चौराहा आदि भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ट्रैफिक के जवान सक्रिय नजर आ रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस की सक्रियता के कारण डायवर्जन के बावजूद पिछले कुछ दिनों से जाम के झाम से लोगों को काफी हद तक राहत मिली है।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे ने की बजट पर चर्चा

गदरपुर(उद संवाददाता)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे की ओर से गदरपुर में प्रदेश मंत्री जुल्फकार अली के नेतृत्व में आजाद नगर वार्ड में बजट पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष इंतेजार हुसैन ने कहा कि देश का बजट आम आदमी का बजट है।सभी वर्गों का ख्याल रखने वाला बजट है परिवार के मुखिया मोदी के बजट में देश की 130 करोड़ जनता का ख्याल रखा गया है यही कारण है देश में खुशहाली है।उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की धामी सरकार ने उत्तराखंड की जनता का भरपूर ख्याल रखा है। कहा कि बजट तो अच्छा है ही साथ ही सरकार देश की जनता के विकास के लिय हर समय काम कर रही है और विकास तेजी से हो रहा है। इस अवसर पर मोर्चे के प्रदेश मंत्री जुल्फकार अली ने कहा कि दुनिया का पहला देश है जहां मजदूरों और मध्यम वर्ग के लिए बजट में ऐसी व्यवस्था की गई है जिससे टैक्स का बोझ गरीबों पर न पड़े।



जुल्फकार अली ने कहा बजट में उत्तराखंड सरकार को 52619 करोड़ रुपए उत्तराखंड के विकास के लिए मिले हैं। सात लाख तक की आय को कर मुक्त रखा गया है । यह बजट अमृत काल का बजट है । हज पर जाने वालो को 50 हजार की छूट रखी गई है । जुल्फिकार ने कहा आजादी से पहले इसी देश में जजिया कर वसूला जाता था जुल्म की सबसे बड़ी निशानी जजिया कर था। आज देश में कोई जजिया कर नहीं वसूला जाता।धर्म के नाम पर इस देश में कोई कर नही वसूला जाता। आज हिंदुस्तान का मुस्लिम समाज और प्रत्येक समाज पर एक सा कर है।यह हम सब पर इस देश के सच्चे लोकतंत्र का अहसान है जिसमे सभी को बराबरी से देखा जाता है ।देश की मोदी सरकार बजट में कोई भेदभाव नही करती टैक्स में छूट और योजनाओं का लाभ सभी को बराबरी से मिलता है यही हमारे बजट की शान है।जुल्फकार अली ने कहा इतिहास को पढ़कर हमें आज की सरकार की उपलब्धियां देखनी होंगी तभी हमें भाजपा की नीतियां अच्छी लगेंगी। इस अवसर पर हाजी शाकिर हुसैन, इस्तेकार पाशा, रासम सकलैनी, सैफ अली, गुड्डू ,वसीम, मेहरबान, रिजवान अली, तनवीर, फहद, शमीम,सलमान इदरीसी, मुन्ना, जाकिर, सद्दाम, अफनान, नावेद, उवैस, समीर, सलमान पाशा , जिशान, तौकीर, सुभान, मतलूब, मोहिद, अजीम, फरमान, सालिम, सोनू आदि बहुत से लोग मौजूद थे ।

## अमृत प्रचार संगत के जत्थे ने संगत को किया निहाल

गदरपुर(उद संवाददाता)। बसंत राग में शब्द कीर्तन गायन करके रागी जत्थे एवं कथा वाचक द्वारा भक्तिमय माहौल बनाते हुए बसंती रंग में तन-मन को रंग दिया जिस पर संगत द्वारा आनंद पूर्वक श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की वाणी के शब्दों को गायन किया गया।ग्राम गूलरभोज में अमृत प्रचार संगत के प्रमुख बाबा सहजपाल सिंह के दिशा निर्देशन में महापुरुषों एवं समाजसेवी सरदार दर्शन सिंह की स्मृति में धार्मिक दीवान सजाए गए, जिसमें रागी जत्था भाई जगजीत सिंह सहजपाल




सिंह पटियाला वालों द्वारा द्वारा बसंत की वार महल पंजवा हरि का नाम ध्याय के हो हरिया भाई,अमृतवाणी हर हर तेरी, कथा वाचक भाई गुज्जर सिंह असंध एवं नरेंद्र सिंह करनाल द्वारा इस मन को कोई खोजो भाई मन को खोजने और प्रभु परमात्मा की भक्ति के साथ जुड़ने का आह्वान किया गया। इस मौके पर दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने गुरु का लंगर प्रसाद भी ग्रहण किया।



# शिवरात्रि के पावन पर्व पर भोले बाबा का कीर्तन

**दिनांक: 16 फरवरी 2023 सांय 3 बजे, दिनांक 17 फरवरी 2023 प्रातः 10 बजे से**

**स्थान–नेक्सा ट्रूवेल्यू, काशीपुर रोड**
**ग्रीन पार्क गेट के सामने, रुद्रपुर**

भंडारा और कांवरियों की सेवा में निरंतर रहेगा। कांवरियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था रहेगी।

**आयोजक-श्री शिव सेवा संस्थान**
**एवं सांध्य दैनिक उत्तरांचल दर्पण**


## देवभूमि बैकुंठपुर में अखण्ड महानाम संकीर्तन प्रारम्भ

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। देवभूमि बैकुंठपुर शक्तिफार्म नंबर 1 में अखण्ड महानाम संकीर्तन प्रातः 6 बजे से प्रारंभ हुई । जीव मात्र के उद्धार और समस्त संसार की मंगल के लिए हरिनाम नाम एकमात्र सहारा है।अखण्ड महानाम संकीर्तन में भारत के सुदूर क्षेत्र से कीर्तन मंडली शांति हरि संप्रदाय दिनेशपुर, श्री श्री गोपाल संप्रदाय, हरि गोपाल संप्रदाय, राधारानीसंप्रदाय,राधा कृष्ण संप्रदाय, नित्य लीला संप्रदाय, हरिनाम संकीर्तन के लिए बैकुंठपुर पहुंच चुके है।आजादी के बाद बसाए गए शक्तिफार्म के ग्राम बैकुंठपुर में विगत 50 वर्षो से प्रतिवर्ष अखंड हरिनाम संकीर्तन होते हुए आ रहे है। बृंदावन से आए पुरोहित श्री श्री हरिप्रिया दास जी महाराज ने दीप प्रज्वलित कर प्रातः 6 बजे अखंड महानाम संकीर्तन हरे कृष्ण हरे राम की मधुर महानाम को प्रारंभ किया जो बिना रुके अविरल तीन दिन तक चलता रहेगा।इस अवसर पर आयोजक समिति के संरक्षक राम चन्द्र राय,सतीश सरकार, सुभाष सरकार, पंचानन मंडल, आनंद राय, रोहित सरकार ,अनिमेष, हरेकृष्ण बैरागी, नंद गोपाल बैरागी,रविंदर सिंह, राणा सरकार,दीपांकर सरकार ,मनोज मंडल आदि लोग मौजूद थे।



## फुटकर व्यापारी न करें पॉलिथीन का प्रयोग: नागर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। फल सब्जी फुटकर व्यापार समिति के व्यापारियों की सब्जी मंडी मंगल पड़ाव में आम सभा बैठक आयोजित की गई। जिसमें अध्यक्षता नवनिर्वाचित अध्यक्ष रूपेंद्र नागर ने व संचालन हसीन अंसारी ने किया। बैठक में समस्त व्यापारियों से सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखने, जनहित व सामाजिक कार्य समय-समय पर करने एवं सभी फल सब्जी व्यापारी अपने ग्राहकों से मधुर व्यवहार करने को कहा गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रूपेंद्र नागर ने अपने संबोधन में कहा कि सभी फुटकर व्यापारियों की हर जन समस्या और शासन प्रशासन की लड़ाई लड़ने के लिए हमेशा तैयार हैं। सभी लोग कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करें। बैठक में पॉलीथिन का प्रयोग न करने पर चर्चा की गई और आगामी 15 माह से 1 माह के अंदर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की कमेटी का गठन शीघ्र किया जाएगा। बैठक में नवनिर्वाचित अध्यक्ष रूपेंद्र नागर, मोहम्मद हसीन अंसारी, व्यापार मंडल के अध्यक्ष रवि गुप्ता, शेखर जोशी हरीश केसरवानी, गोपाल गोस्वामी, गिरीश गोस्वामी, नरेंद्र प्रताप सक्सेना, रमेश चंद शेखर चंद जोशी, पप्पू केसरवानी , शाहनवाज हुसैन , रईस अहमद, ज्ञान जसवाल , महेंद्र कुमार साहू , लक्ष्मी शंकर, लालाराम, मुकेश शर्मा , राधेश्याम, संजय कुमार साहू, हसीन अहमद, दानिश खान, फुरकान, शिव स्वरूप गुप्ता, रईस अहमद खान , दीपक केसर वानी, रमेश चंद केसरवानी, सीताराम, रामदास साहू आदि दर्जनों व्यापारी सम्मिलित हुये।



## एनडीआरएफ ने व्यापार मंडल को छह विकेट से दी शिकस्त

गदरपुर(उद संवाददाता)। व्यापार मंडल एवं एनडीआरएफ के बीच खेले गये क्रिकेट मैच में एनडीआरएफ की टीम ने व्यापार मंडल को चार विकेट से हराकर ट्राफी पर कब्जा किया। वही एनडीआरएफ के कप्तान त्रिलोक सिंह को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। ग्राम आर्यनगर में स्व. भगवान दास हुडिघ्या एवं स्व. सुभाष खेड़ा की यादगार में व्यापार मंडल एवं एनडीआरएफ के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। जिसका शुभारम्भ क्षेत्रीय विधायक अरविन्द पांडेय द्वारा दोनों टीमों के खिलाडिघ्यों से परिचय कर किया। एनडीआरएफ ने पहले टॉस जीता और फिल्डिंग ली। व्यापार मंडल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 143 रन बनाये। जिसमें अंकुश ग्रोवर ने धुआंधार बैटिंग करते हुए सर्वाधिक 36 रन, जगजीत ने 22 एवं टीम के कप्तान दीपक बेहड़ ने 19 रनों का योगदान दिया। एनडीआरएफ की तरफ से कप्तान त्रिलोक सिंह ने शानदार बोलिंग करते हुए पांच विकेट लिये। व्यापार मंडल की टीम द्वारा 143 रनों के निर्धारित लक्ष्य को लेते हुए एनडीआरएफ की टीम ने बल्लेबाजी शुरु की। एनडीआरएफ के कप्तान त्रिलोक सिंह ने 20 गेंदों पर शानदार 49 रन बनाये। किशन पापरा ने 23 रनों का योगदान दिया। एनडीआरएफ की टीम ने 17.5 ओवर में छह विकेट खोकर 143 रनों को पार करते हुए विजय हासिल की। व्यापार मंडल की ओर से कप्तान दीपक बेहड ने तीन, जगजीत एवं पारस ने एक-एक विकेट लिया। इस मैच में एनडीआरएफ के कप्तान त्रिलोक सिंह को मैन ऑफ दि मैच घोषित किया गया। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष ने कहा कि एनडीआरएफ टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि यह मैच आपसी सद्भावना को बढ़ाने के लिए खेला गया जो काफी रोमांचित रहा। इस मौके पर राईस मिलर्स एसोसिएशन अध्यक्ष अनिल कुमार भुसरी, जिला व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकुमार भुड्डी, उपाध्यक्ष सतपाल गाबा, व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा, पंजाबी महासभा अध्यक्ष कृष्ण लाल अनेजा, महामंत्री संजीव झाम, कोषाध्यक्ष कृष्ण लाल अनेजा, सिघ्द्धार्थ भुसरी, संजय खेड़ा, दिनेश गर्ग, सुभाष बेहड़, भीम ठुकराल, रजत भुड्डी, पृथपाल सिंह संधू, राजेश अग्रवाल, अशोक छाबड़ा, अंकित हुडिघ्या, लेखराज नागपाल, रमन छाबड़ा, जितेन्द्र छाबड़ा, सतीश छाबड़ा, निखिल नारंग सहित काफी संख्या में व्यापारी एवं एनडीआरएफ सैनिक मौजूद थे।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## आतंकवादी गतिविधियां

आतंकवाद के मसले पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कठघरे में खड़ा किए जाने के बाद पाकिस्तान को करना यह चाहिए था कि वह अपने रवैए में बदलाव करे, ताकि उसकी छवि में सुधार हो। लेकिन ऐसा लगता है कि पाकिस्तान हर वक्त कोई न कोई ऐसी गतिविधि जारी रखना चाहता है, जिससे वह भारत के लिए परेशानी पैदा कर सके और साथ ही अपनी जनता का ध्यान असली समस्याओं से बंटाए रख सके। अब तक उसका मुख्य हथियार आतंकवादियों और उनके संगठनों को पनाह देना रहा है, जिनके जरिए वह अक्सर भारत में आतंक का माहौल बनाए रखना चाहता है। लेकिन इस मोर्चे पर भारत ने जिस तरह चौकसी बरती है, उसकी वजह से आतंकियों ने भले अपनी हरकतें जारी रखी हैं, मगर उन्हें अपने पांव पसारने में कोई बड़ी कामयाबी नहीं मिली सकी है। साथ ही आए दिन सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में आतंकी मारे जाते हैं। खासतौर पर जब से कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाया गया, उसके बाद वहां आतंकवाद के खिलाफ एक तरह से स्पष्ट नीति पर अमल किया जा रहा है। जाहिर है, अब आतंकी संगठनों का दायरा और प्रभाव कम होना शुरू हो गया है। इसी क्रम में आतंकवादी संगठनों और पर्दे के पीछे से उन्हें संचालित करने वालों के सामने एक मुश्किल यह पेश आ रही है कि उन्हें अब स्थानीय आबादी का साथ नहीं मिल पा रहा है। इसकी मुख्य वजह यही है कि कश्मीर के लोग अब तक के तनावपूर्ण माहौल और उसके नुकसान के बारे में पहले के मुकाबले ज्यादा व्यावहारिक तरीके से सोच–समझ रहे हैं। यानी एक तरह से वहां का समाज एक नए ताने–बाने की ओर बढ़ रहा है। शायद यही वजह है कि प्रत्यक्ष आतंकवाद की रणनीति पर वैश्विक स्तर पर मुंह की खाने के बाद पाकिस्तान ने अब नए चेहरे में छद्म–युद्ध का सहारा लेने का रास्ता अख्तियार किया है। इस संदर्भ में भारत में सेना के एक वरिष्ठ कमांडर ने मंगलवार को कहा कि कश्मीर में 'नार्को आतंकवाद' चिंताजनक स्तर पर रफ्तार पकड़ रहा है। इसके पीछे मुख्य वजह यह है कि पाकिस्तान अब मादक पदार्थों की तस्करी और उसके प्रसार को जम्मू–कश्मीर में अपने 'छद्म युद्ध' में एक नए हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है। दरअसल, हाल के दिनों में पाकिस्तान से लगे सीमावर्ती इलाकों में ड्रोन के जरिए हथियार भेजने के कुछ मामले पकड़ में आए थे। अब अन्य स्रोतों के अलावा पाकिस्तान ड्रोन से मादक पदार्थ भी भेजने की दोहरी रणनीति अपना रहा है। यह किसी से छिपा नहीं है कि मादक पदार्थों की तस्करी से लेकर नशे की जद में आया व्यक्ति और समाज किस तरह दिशाहीन हो जाता है और फिर उसकी गतिविधियां भी उसी मुताबिक संचालित होने लगती हैं। कहा जा सकता है कि पाकिस्तान अब मादक पदार्थों को हथियार के तौर पर इस्तेमाल करके स्थानीय स्तर पर समाज के उस ताने–बाने को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहा है, जो अब नई राह की ओर बढ़ रहा था। ऐसा लगता है कि पाकिस्तान किसी न किसी रास्ते भारत को नुकसान पहुंचाने की सुचिंतित रणनीति पर चल रहा है ! या फिर वह ऐसी हरकतों से अपने यहां अर्थव्यवस्था की डांवाडोल स्थिति के बीच व्यापक महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ती गरीबी जैसी उन समस्याओं पर पर्दा डालने की कोशिश में है, जिनकी वजह से पाकिस्तानी जनता का जीवन दूभर होता जा रहा है। सवाल है कि अपने देश में लोगों की समस्याओं को दूर करने के बजाय पड़ोसी देश के सामाजिक ताने–बाने को बिगाड़ने की कोशिश करके पाकिस्तान क्या अपनी खोखली होती जा रही दशा की भरपाई कर लेगा?

# टीएमयू के आईवीएफ सेंटर में फिर गूंजी किलकारी

## अब तक 700 प्लस आईवीएफ डिलीवरी करवा चुकी हैं डॉ. पूनम सिंह

मुरादाबाद (उद संवाददाता)। तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के आईवीएफ सेंटर में एक बार फिर बच्चे की किलकारियां गूंज उठीं। स्वार की 50 बरस की महिला की मानो सालों–साल की मुराद पूरी हो गई है, क्योंकि टीएमयू के आईवीएफ सेंटर के बूते 30 बरस से उसकी सूनी गोद खुशियों से भर गई है। महिला के निकाह को 30 साल से अधिक हो गए थे, लेकिन कोई बच्चा नहीं था। वह जगह–जगह अपना इलाज करा चुकी थी, लेकिन निराशा ही मिली। दिल में उम्मीद की एक अंतिम किरण लेकर वह और उसके शौहर नौ माह पूर्व तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में आए। टीएमयू हॉस्पिटल में आकर वह वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ और आईवीएफ एक्सपर्ट डॉ. पूनम सिंह से मिले। अपनी कहानी शेयर की। डॉ. पूनम और उनकी टीम ने आश्वस्त करके अंतत: पेशेंट का ट्रीटमेंट करना शुरू कर दिया, लेकिन दुश्वारी यह थी कि पेशेंट की उम्र 50 साल से अधिक थी। इस उम्र में मोनोपॉज यानी मासिक धर्म बंद होना आम बात है। इसी को ध्यान में रखते हुए डॉ. सिंह ने उन्हें आईवीएफ अपनाने की सलाह दी। डॉक्टर



के समझाने पर पेशेंट और उसके परिवार वाले सहमत हो गए। इसके बाद डॉ. पूनम और उनकी टीम ने इस महिला का ब्लासटोसिस्टिस पद्धति से ट्रीटमेंट किया। छह दिन के भ्रूण को यूटेरस में ट्रांसफर कर दिया। यह सफलता पहली बार में ही पा ली। बच्चे का विकास होने लगा। समय–समय पर उसे अस्पताल बुलाकर उसकी जांच भी होती रही ताकि बच्चे की ग्रोथ और पॉजिशन को समझा जा सके। समय पर महिला की डिलीवरी की गई। महिला ने एक लड़की को जन्म दिया है। ऑपरेशन के दौरान पता चला कि पेशेंट के पेट में बच्चे के संग–संग करीब दो किलो की एक रसौली भी है। रसौली के कारण ऑपरेशन और जटिल था। डॉ. पूनम और उनकी टीम ने बड़ी सावधानी और तकनीक से पहले बच्चे और फिर रसौली को बाहर निकाला। अब मां और बेटी दोनों स्वस्थ है। तीर्थंकर महावीर हॉस्पिटल की आईवीएफ प्रभारी को आईवीएफ का लम्बा अनुभव है। डॉ. पूनम अलीगढ़ से एमबीबीएस और एमडी है। वह सिंगापुर से आईवीएफ फेलोशिप है। डॉ. सिंह के अब तक 15 अंतरराष्ट्रीय और 20 राष्ट्रीय रिसर्च पेपर पब्लिश हो चुके हैं। डॉ. पूनम सिंगापुर, स्विट्जरलैंड, यूके, इटली, न्यूजीलैंड आदि देशों की यात्रा कर चुकी हैं। डॉ. पूनम सिंह कहती हैं, जो नवविवाहित युगल बच्चा चाहते हैं और दो साल तक बच्चा नहीं हो तो वे तुरंत किसी विशेषज्ञ से परामर्श करें। घरेलू उपायों और झाड़–फूंक में अपना समय नष्ट न करें। जैसे–जैसे आयु बढ़ती जाती है वैसे–वैसे निसंतान लोगों के लिए बच्चे को जन्म देना और कठिन हो जाता है।

# चिंता नहीं परमात्मा का चिंतन करें: हरि चैतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री हरि कृपा धाम आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि हम स्वंय इतनी चिंता नहीं कर सकते जितना कि प्रभु का चिंतन दृढ़ विश्वास पूर्वक करने पर स्वयं परमात्मा हमारी चिंता कर ध्यान रखेंगे। संसार में सभी लोग अधिकांशत: किसी न किसी स्वार्थवश ही संबंध रखते हैं। यदि उनके हित में बाधा पहुँचेगी व हमारे अंदर उन्हें देने के लिए कुछ भी शेष ना रहेगा (रूप, बल, वाणी, प्रतिष्ठा, धन इत्यादी के माध्यम से) तो प्यार समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बिना किसी स्वार्थ के संबंध बनाए रखने वाले अपवाद स्वरूप कुछ ही लोग मिलेंगे। जीव मात्र से बिना किसी स्वार्थ के हित चाहने व प्रेम करने वाले तो एक मात्र संत, गुरु व परमात्मा ही हैं। आज हमारी, हमारे परिवार, देश, समाज की जो दुर्दशा हो रही है । विभिन्न प्रयास करने के बावजूद जिससे हम उबर नहीं पा रहे हैं। प्रयास करने के



साथ साथ प्रभु से उनकी कृपा याचना से परिपूर्ण भाव सहित प्रार्थनाएँ अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने कहा परमात्मा हमारी वस्तुओं, पदार्थों, मान सम्मान इत्यादि का नहीं वह तो हमारी प्रेम व भावनाओं का भूखा है। हमें परमात्मा के प्रति विश्वास ही नहीं बल्कि दृढ़ विश्वास होना चाहिए। ईश्वर के प्रति मन में यदि संशय आ जाता है, तो उसके प्रति होने वाली भक्ति स्वत: ही नष्ट हो जाती है तथा ईश्वर के प्रति प्रेम भी नष्ट हो जाता है ऐसा तब होता है जब निज हित में चिंतन किया जाता है। उन्होंने कहा कि बिना विचारे कोई कर्ध्म न करें, न कुछ बोलें, ना किसी से संबंध बनाए व न ही किसी से कोई व्यवहार करें।सच्चे हृदय से प्रेम व श्रद्धापूर्वक की गई प्रार्थना को परमात्मा अवश्य सुनते हैं। महाराज श्री ने कहा कि मात्र मानव शरीर पाकर ही हम सच्चे अर्थों में मानव या इंसान कहलाने का अधिकारी नहीं बन जाते हैं, स्वयं को सुसंस्कारित करके समाज के लिए उपयोगी बनाएँ । सदाचार पूर्ण जीवन बिताएँ राष्ट्रीयता, नैतिकता व चरित्र को भी जीवन में महत्व दें।महाराज श्री के प्रवचनों को सुनने के लिए स्थानीय, क्षेत्रीय दूर दराज से हजारों की संख्या में भक्तजन पहुँचे। महाराज श्री के दिव्य प्रवचनों से सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा तथा सभी मंत्रमुग्ध व भाव विभोर हो गए। श्रीगुरु महाराज, कांमा के कन्हैया व लाठी वाले भैया की जय जयकार से वातावरण गूँज उठा ।

# प्राकृतिक जलस्रोत बचाने के लिए आगे आए विजय

बागेश्वर (उद संवाददाता)। बागेश्वर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में प्राकृतिक जलश्रोतों में घटते जलश्रोतों, जलसंवर्धन और भूमिगत जलश्रोतों के संरक्षण के लिए पहल शुरू की गई है, देवलधार सांस्कृतिक एकता मंच के विजय रावत ने इसके लिए पहल शुरू कर दी है, निरंतर सूख रहे। नौले, धारे, को पुनर्निर्माण करने के लिये चौगांवछीना में विजय रावत द्वारा जन जागरूकता हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव ने इस अभियान का उद्‌घाटन किया। स्थानीय लोगों ने परम्परागत जलश्रोतों के संरक्षण के लिए देव स्तुति की। महिलाओं और ग्रामीणों ने गांव में जलश्रोतों में पूजा अर्चना की और कलश यात्रा निकाली। चौगांवछीना के मुरली बैण्ड में आयोजित कार्यक्रम में देवलधार के स्कूली बच्चों ने जल ही जीवन के स्लोगन के साथ अपने गांव के पारम्परिक पीने के पानी के श्रोतों को बचाने के लिए क्षेत्रीय पारम्परिक रीति रिवाजों के साथ सुन्दर अभिनय प्रस्तुत किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष बसंती देव ने कहा कि जल ही जीवन है। हम सभी को अपने जलश्रोतों के संरक्षण के लिए कार्य करना चाहिए। देवभूमि में अंनत जलस्रोत है जो कि अमृत जलधारा का प्रतीक है, उन्होंने समिति के इस अनुपम पहल की सराहना की, प्रदेश सरकार भी ग्रामीण स्तर पर उपलब्ध हमारे धारे, और नौलो को बचाने, व पुननिर्माण करने के लिये ग्रामीणो कि मदद कर रही है। कार्यक्रम में जागरूकता कार्यक्रम हुआ जिसमें सभी अतिथियों ने अपनी राय रखी। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र फर्स्वाण ने कहा कि सरकार भी जलश्रोतों के संरक्षण के लिए कार्य कर रही है, हम सभी को अपने क्षेत्र में जलश्रोतों के संरक्षण के लिए पहल करनी चाहिए, भाजपा जिला महामंत्री सजंय परिहार ने समिति की पहल की सराहना की। भाजपा उपाध्यक्ष रवि करायत ने जलश्रोतों के संवर्धन के लिए किए जा रहे कार्यो की सराहना की। विजय संचालक विजय रावत ने पर्यावरण को बचाने के लिए हमे अपने पारम्परिक, पुस्तैनी, धारो और नौलो को पुनर्जीवित करना होगा। युवा पीढ़ी को धारे और नौलो को बचाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।इस दौरान कार्यक्रम का संचालन नबल किशोर टम्टा ने किया। इस दौरान ग्राम प्रधान विनोद कुमार टम्टा, कमल टम्टा, खीम सिंह रावत, दयाकृष्ण पंत, शिवलाल टम्टा, हरीश सिंह, राजू नेगी, नन्दी रावतआदि मौजूद थे।

# ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

काशीपुर (उद संवाददाता)। ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज के एनिमेशन और फाइन आर्ट्स के छात्र/छात्राओं द्वारा ओखला, दिल्ली में आयोजित आर्ट फेयर 2023 का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। छात्र–छात्राओं ने इस मेले में अपने पाठ्यक्रम से संबंधित सभी विधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने यह भी जाना कि किस प्रकार अपने पाठ्यक्रमों के अनुरूप विद्यार्थी अपने भविष्य को एक विस्तार दे सकते हैं। किस प्रकार की ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकते हैं। किस प्रकार से इस पाठ्यक्रम में प्रवेश लिए जाने के उद्देश्य को परिपूर्ण कर सकते हैं । उन्होंने यह भी जाना कि किस प्रकार अपने आगे के कैरियर को एक दिशा दी जा सकती है ।समस्त छात्र छात्राओं के लिए आर्ट्स मेले में सहभागिता करना उनके ज्ञान वर्धन के लिए एक मील का पत्थर साबित हुआ है । सभी छात्र/छात्राओं ने इस शैक्षणिक भ्रमण को एक नया अनुभव बताया । संस्थान के अध्यक्ष संतोष मेहरोत्रा, सचिव सुश्री शिवानी मेहरोत्रा, संस्था प्रमुख प्रतिमा सिंह और अकैडमिक डाइरेक्टर मनोज मिश्रा ने छात्र–छात्राओं के ज्ञानवर्धन के लिये लगातार इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किये जाने की प्रतिबद्धता जाहिर की । इस शैक्षणिक भ्रमण के कार्यक्रम को सफल बनाने में डा ० निशा और पंकज का विशेष योगदान रहा ।



# ताइक्वांडो में बागेश्वर के खिलाड़ियो ने जीते 22 पदक

बागेश्वर (उद संवाददाता)।युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में देहरादून में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बागेश्वर के खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन रहा। ताईक्वांडो प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों का सिक्का बरकरार है, खेल में जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं, वही युवा वर्ग भी अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं, स्कूली छात्र छात्रों ने प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने 22 पदक जीते। देहरादून में नौ से दो दिवसीय राज्य स्तरीय खेलकुंभ प्रतियोगिता में बागेश्वर के 42 खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंडर 14,17, 21 बालक,



बालिका वर्ग में बागेश्वर के खिलाड़ियों शानदार प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी अनुराधा पाल, जिलायुवा कल्याण अधिकारी अर्जुन रावत, जिला खेल अधिकारी सीएल वर्मा, जिला खेल समन्वयक कमलेश तिवारी, नीरज पांडेय आदि ने खुशी जताई है। अंडर 14 में डौली फर्स्वाण ने गोल्ड, सुमित नयाल, कल्पेश रावत, कुणाल नेगी, योगेश धामी, तनुजा दानू सिल्वर, साहिल कनवाल, कृष्णा साह, कांति आर्या, आस्था जोशी ब्रांज जीता। इसी तरह अंडर 17 में प्रदीप मेहता, विनय गोस्वामी, बबलू खेतवाल, प्रशस्ति टम्टा ने गोल्ड, हर्षिका जोशी, दीया पांडे ने सिल्वर, दिवाकर कुमार, गुंजन डंगवाल ने ब्रॉज तथा अंडर 21 में प्रशांत कुमार तथा ज्योति दोसाद ने गोल्ड, आयुष मनराल ने सिल्वर तथा गौरव साह ने ब्रॉज मेडल जीता।

# राकेश व कुमकुम के मॉडल रहे अव्वल

बागेश्वर (उद संवाददाता)।अटल उत्कृष्ट राइंका भटखोला में यू–सर्क के तत्वाधान में एक विज्ञान संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र काफलीगैर के वैज्ञानिक डॉ. कमल किशोर पांडे रहे।उन्होंने छात्रों को कृषि क्षेत्र में छात्रों को आधुनिक वैज्ञानिक खेती की जानकारी दी, वही छात्रों से संवाद कर आधुनिक कृषि वैज्ञानिकी में पादप संरक्षण और पौराणिक परम्परागत खेती में बदलाव की जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों ने जूनियर और सीनियर वर्ग में विभिन्न मॉडल और चार्ट प्रदर्शनी लगाई। प्रदर्शनी में निर्णायक मंडल द्वारा सीनियर वर्ग में राकेश पांडे को प्रथम तथा जूनियर वर्ग में कुमकुम मिश्रा को प्रथम स्थान दिया। सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र के साथ ही उपहार दिए।, कार्यक्रम में यू–सर्व विद्यालय स्तर – के नोडल अधिकारी नीरज जोशी प्रवक्ता रसायन विज्ञान के निर्देशन में संपन्न हुआ। इसअवसर पर प्रधानाचार्य एसएन गौतम, गोपाल सिंह रावत, डीसी टम्टा,, प्रकाश जोशी, एनबी जोशी, हरिओम कोरंगा केआर आर्या, हिमांशु बिरोरोड़िया आदि मौजूद रहे।

# चोरी की गई नगदी के साथ शातिर चोर को किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विगत रात्रि घर से चुराई गई हजारों रुपए की नगदी व अन्य सामान सहित शातिर चोर को बनभूलपुरा थाना पुलिस ने सूचना मिलने के बारह घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 11 फरवरी को मौ. आरिफ पुत्र मौ. सलीम निवासी ला.नं. 10, आजादनगर, बनभूलपुरा



द्वारा थाना में आकर तहरीर दी गई कि 10 फरवरी को रात्रि में उसके घर से कमरे में रखी जैकेट की जेब में से कल्लू नामक व्यक्ति जो ला.नं.12 में निवास करता है ने 26000 रुपए नगदी चोरी कर ली गई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तात्कालिक रूप से कार्यवाही करते हुए उक्त चोरी की घटना से संबंधित साक्ष्य एकत्रित कर स्लाटर हाउस के पास बनभूलपुरा से उक्त चोरी की घटना करने वाले अभियुक्त मौ. इमरान उर्फ कल्लू पुत्र मौ. शाहिद निवासी ला.नं.-12 को चोरी की गयी नगदी 26000 रुपये तथा आधारकार्ड के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त मौ. इमरान उर्फ कल्लू उपरोक्त चोरी के मामले में थाना बनभूलपुरा से पूर्व में भी जेल जा चुका है। पुलिस टीम में नीरज भाकुनी थानाध्यक्ष, उनि विरेन्द्र चन्द्र, का. भूपेन्द्र ज्येष्ठा व लक्ष्मण राम शामिल थे।

# अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा की बैठक आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा कुमाऊं मंडल कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक काशीपुर में संपन्न हुई। बैठक में भाग लेते हुए कुमाऊं मंडल के सभी वरिष्ठ ब्राह्मण पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लेकर



अखिल ब्राह्मण महासभा को राष्ट्रीय ब्राह्मण सभा के रूप में परिवर्तित करने का निर्णय लिया। इस मौके पर पंडित विशाल शर्मा को राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा का अध्यक्ष व पंडित हेमचंद भट्ट को उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव पारित हुआ। बैठक में शीघ्र ही दिल्ली में संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान ब्राह्मण महासभा के तमाम पदाधिकारी तथा अन्य सदस्य मौजूद थे।

# हजारों की नगदी के साथ तीन जुआरी गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने गश्त के दौरान स्टेडियम के पास से तीन जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हजारों की नगदी बरामद की है। संदिग्धों की तलाश में पुलिस टीम गश्त पर थी। स्टेडियम के पास किसी ने सूचना दी कि नई बच्चा जेल के पीछे ग्राउंड में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। बतायी गयी जगह पर पहुंचे तो वहां तीन लोग जुआ खेल रहे थे। मौके से ताश की गड्डी और 10520 रुपयें की नगदी बरामद की गयी। पूछताछ में तीनों ने अपने नाम पवन पुत्र राधेश शर्मा निवासी जगतपुरा ,जलालुद्दीन पुत्र सफुद्दीन निवासी जगतपुरा ,शिवम पुत्र राम अवतार निवासी राजा कॉलोनी बताया।

# साईबर ठगों ने खाते से उड़ाये 71 हजार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। साईबर ठगों ने एक व्यक्ति के खाते से 71 हजार 600 रूपये की नगदी उड़ा ली। साईबर क्राइम थाने में दी गयी तहरीर में खेड़ा वार्ड नं. 19 निवासी संतोष कुमार झा पुत्र शशिभूषण झा ने बताया कि उसका एचडीएफसी बैंक में बचत खाता है। नितिन कुमार सिंह नाम के व्यक्ति ने खुद को यशबैंक का अधिकारी बताकर फोन किया था और कुछ जानकारियां ली थी। जिसके बाद उसके खाते से 71 हजार 600 रूपये की रकम ऑनलाइन ट्रांजक्शन के माध्यम से गायब हो गयी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सत्संग भवन से हजारों का सामान चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भूरारानी स्थित निर्माणाधीन आनंदपुर सत्संग भवन से अज्ञात चोरों ने हजारों की मशीनें चोरी कर ली। मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में भूरारानी स्थित आनंदपुर सत्संग भवन की कंचन बाईजी ने कहा कि उनके आश्रम में निर्माण कार्य चल रहा है 11 फरवरी की सुबह जब आरम में पहुंची तो वहां से एक कटर मशीन और एक गिलेण्डर मशीन गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# नगरपंचायत की अनदेखी से भराड़ी में बना सार्वजनिक शौचालय बदहाल

कपकोट( उद संवाददाता) ।नगर पंचायत कपकोट के भराड़ी में छह साल पहले बना सार्वजनिक शौचालय बदहाल हो गया है। भवन के जर्जर होने से उसके कभी भी गिरने का खतरा बना हुआ है।



स्वच्छ भारत अभियान में बने सुलभ शौचालय से लोगों और व्यापारियो नगरवासियों को शौचालय का लाभ मिलता है, व्यापारी समेत क्षेत्र के लोगों ने कई बार नगर पंचायत से इसे ठीक करने की मांग कर दी है। वही नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद बिष्ट ने बताया कि क्षतिग्रस्त शौचालय भवन की मरम्मत के लिए कार्ययोजना बनाई गई है, बजट की मांग की गई है, बजट मिलते ही क्षतिग्रस्त भवन की मरम्मत की जाएगी।

# खाईबाड़ी करता सटोरिया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने गहरा के दौरान इंद्रा नगर रेलवे फाटक के पास खाईबाड़ी करते एक सटोरिए को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार का. भूपेंद्र ज्येष्ठा व लक्ष्मण राम रात्रि गश्त कर रहे थे। इसी दौरान इंदिरा नगर रेलवे फाटक के पास कुछ लोग खड़े दिखाई दिए। पुलिस ने पास आकर देखा वहां एक व्यक्ति खाईबाड़ी कर रहा था। पुलिस ने तत्परता से उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता अर्जुन सिंह पुत्र हरीश सिंह कोरंगा निवासी-ग्राम देकना तहसीव व पोस्ट तेजम, थाना नाचली, जिला पिथौरागढ़ हाल निवासी-भोटिया पडाव बताया।



तलाशी लेने पर उसके पास से सट्टा पर्ची, पैन,गत्ता व नगदी 820 रुपये बरामद हुए। पुलिस ने बरामद सामान कब्जे में लेकर अर्जुन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# जेल में बंद युवाओं ने किया पटवारी परीक्षा देने से इनकार

देहरादून। मुख्यमंत्री के आदेश पर पुलिस जेल में बंद युवाओं को पटवारी परीक्षा दिलाने ले जाना चाहती थी। लेकिन युवाओं ने परीक्षा देने से ही इनकार कर दिया। युवाओं ने कहा कि मांगें पूरी होने तक वे परीक्षा में भाग नहीं लेंगे। यह बात उन्होंने लिखित में दिया है। पत्थरबाजी और उपद्रव के आरोपी 13 युवाओं में से छह को पटवारी परीक्षा में शामिल होना था। इसके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने डीजीपी अशोक कुमार को निर्देशित किया था कि युवाओं को पुलिस अभिरक्षा में ले जाकर परीक्षा दिलाई जाए। पुलिस ने जेल में बंद युवाओं से संपर्क किया तो उन्होंने परीक्षा देने से ही इनकार कर दिया। डीजीपी अशोक कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों का पालन किया जा रहा था। लेकिन युवाओं ने लिखित रूप से इनकार कर दिया। उनकी जमानत भी मंजूर हो गई है। लेकिन बेल बांड न भरे जाने के कारण रिहाई नहीं हो पाई।

# साहब जादे अजीत सिंह जी का जन्म दिवस मानाया

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा गोल मार्केट में साहब जादे अजीत सिंह जी का जन्म दिवस श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कथा वाचक ज्ञानी दर्शन सिंह जी ने अजीत सिंह जी के जीवन पर प्रकाश डाला एवं रागी जत्था भाई गुरूजीत सिंह ने शबद कीर्तन कर संगत को निहाल कर दिया। इसके बाद लंगर का प्रसाद बांटा गया। इस अवसर पर सरपरस्त इन्द्रजीत सिंह, हरि सिंह ग्रोवर, नरेश कुमार सेठ, जोगेन्द्र सिंह असीजा, किशन खुराना, गुरूजीत सिंह, कश्मीर सिंह, सोनू सुखीजा, जोगेन्द्र सिंह मोगा, राजेन्द्र चौहान, जितेन्द्र चौधरी, नरेन्द्र सिंह घई आदि मौजूद थे।

## पेज एक का शेष...

**काश्यारी का इस्तीफा...**कोश्यारी आरएसएस के काफी नजदीकी रहे हैं। कोश्यारी ने हाल ही में अपने पद से इस्तीफा देने की बात कही थी। इसके लिए उन्होंने पत्र लिखकर पद मुक्त किए जाने की मांग की थी। इसके साथ ही उन्होंने ट्वीट कर लिखा था, पीएम मोदी की हाल ही की मुंबई यात्रा के दौरान मैंने उन्हें अपनी सभी राजनीतिक जिम्मेदारियों से मुक्त होने और अपना शेष जीवन पढ़ने, लिखने और अन्य गतिविधियों में बिताने की अपनी इच्छा से अवगत कराया है। मुझे हमेशा पीएम मोदी से स्नेह मिला है और मुझे इस संबंध में भी ऐसा ही मिलने की उम्मीद है।

**तीन साल में कई...**आयोजित जैन समुदाय के एक कार्यक्रम में कहा था कि भले ही इस पद पर उन्हें कोई खुशी नहीं है, लेकिन जब आध्यात्मिक नेता गवर्नर हाउस में आते हैं और वे ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेते हैं तो उन्हें बहुत खुशी मिलती है। महाराष्ट्र के राज्यपाल के तौर पर भगत सिंह कोश्यारी का एक फैसला सबसे अधिक विवादों में रहा। जिसको लेकर वह विपक्ष के निशाने पर आ गए थे। राज्य में फडणवीस सरकार गिरने के बाद जब महाविकास अघाड़ी की सरकार बनी तो उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री बने। 28 नवंबर 2019 को ठाकरे ने सीएम पद की शपथ ली। हालांकि तब उद्धव ठाकरे राज्य विधानसभा या विधान परिषद में से किसी के भी सदस्य नहीं थे और संविधान के मुताबिक सीएम या मंत्री को शपथ लेने के छह महीने के अंदर विधानसभा या विधानपरिषद में से किसी भी एक सदन की सदस्यता लेनी होती है। ऐसा न होने की स्थिति में उसे पद से इस्तीफा देना पड़ता है। इसी मामले में शिवसेना की ओर से कोश्यारी को प्रस्ताव भेजा गया था, जिस पर राज्यपाल ने पूरी तरीके से चुप्पी साध ली थी। जिसके बाद शिवसेना और कोश्यारी में तनातनी देखने को मिली थी। हालांकि बाद में राजनीतिक दखल के चलते यह विवाद सुलझ गया था और ठाकरे को एमएलसी बनाया गया था।गर्वनर के इस तरह शपथ कराने पर महाराष्ट्र में लंबे समय तक सियासत चली। वहीं इसके बाद उद्धव ठाकरे के मंत्रियों की शपथ के दौरान भी राज्यपाल से विवाद हो गया था। क्योंकि मंत्रियों के पद और गोपनीयता की शपथ लेने के दौरान कांग्रेस विधायक केसी पाडवी ने कुछ ऐसे शब्द कहे थे, जिससे राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी नाराज हो गए थे और उन्होंने पाडवी को नसीहत दी थी कि शपथ लेने की जो लाइनें निर्धारित हैं, उन्हें ही पढ़ें। पिछले साल कोश्यारी ने एक सार्वजनिक समारोह में मराठा साम्राज्य के संस्थापक शिवाजी महाराज को पुराने समय का प्रतीक कहकर विवाद खड़ा कर दिया था। इसके बाद राज्यपाल कोश्यारी की खूब आलोचना हुई थी। जिस पर उन्हें सफाई भी देनी पड़ी थी। भगत सिंह कोश्यारी ने 29 जुलाई को एक सार्वजनिक कार्यक्रम में मुंबई के विकास में गुजराती-राजस्थानी लोगों के योगदान की प्रशंसा कर विवाद खड़ा कर दिया था। जिस पर उन्हें माफी तक मांगनी पड़ी थी। अपनी सफाई में उन्होंने कहा था कि महाराष्ट्र ही नहीं पूरे देश के विकास में सभी का विशेष योगदान रहता है। संबंधित प्रदेश की उदारता व सबको साथ लेकर चलने की उज्ज्वल परम्परा से ही आज देश प्रगति की ओर बढ़ रहा है। मैंने महाराष्ट्र और मराठी भाषा का सम्मान बढ़ाने का पूरा प्रयास किया है लेकिन कार्यक्रम में भाषण देने के दौरान मुझसे कुछ भूल हो गई। महाराष्ट्र जैसे महान प्रदेश की कल्पना में भी अवमानना नहीं की जा सकती। इस राज्य सेवक को माफ कर जनता अपने विशाल हृदय का परिचय देगी। कोश्यारी ने पिछले साल मार्च 2022 में ज्योतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले के बाल विवाह पर टिप्पणी की थी, जिस पर खूब बवाल मच था। कोश्यारी ने कहा था कि सावित्रीबाई की शादी 10 साल की उम्र में हुई थी और उनके पति उस समय 13 साल के थे। अब, इसके बारे में सोचें कि शादी करने के बाद लड़की और लड़का क्या सोच रहे होंगे। हालांकि इस बयान का भी कोश्यारी ने खंडन किया था।

**सवा लाख का ईनामी...**शोरूम से चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया गया कि पिछले तीन माह से घोड़ासन गैंग/चादर गैंग के सदस्यों पर एसटीएफ द्वारा योजना बनाकर कार्य किया जा रहा था तथा बारीकी से जानकारी जुटायी जा रही थी, क्योंकि घोड़ासन गैंग के कई सदस्य काफी समय से वांछित चल रहें हैं। इस गैंग ने उत्तराखण्ड के अलावा विभिन्न राज्यों में कई बड़े मोबाईल,लैपटॉप के ब्रान्डेड शोरूमों से चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। थाना ज्वालापुर, जनपद हरिद्वार के अलावा उधमसिंह नगर के रूद्रपुर में मोबाइल शोरूम से लाखों के मोबाईल और अन्य मंहगे इलेक्ट्रॉनिक गेजेट्स की चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हुए शातिर अपराधी संतोष जायसवाल पुत्र गोरी शंकर निवासी ग्राम घोडासन थाना घोडासन जिला चंपारण पर हरिद्वार से 1 लाख का इनाम तथा उधम सिंह नगर पुलिस ने 25000 रूपये का इनाम घोषित किया था। जो 2018 से हरिद्वार एवं उधमसिंगनगर से 2019 से वांछित चल रहा था। थाना ज्वालापुर हरिद्वार में वर्ष 2018 में एप्पल मोबाइल शोरूम से लाखों की चोरी की घटना को संतोष जायसवाल ने अपने साथियों के साथ अंजाम देकर जिला चंपारण,बिहार फरार हो गया था जिसपर मामला पंजीकृत किया गया था एवं इसके बाद अपनी फरारी के दौरान वर्ष 2019 में रूद्रपुर में अपने साथियों के साथ एक मोबाईल शोरूम को काटकर उससे लाखों के मोबाईल चोरी कर लिये थे, दोनो जनपदों की पुलिस उसकी तलाश कर रही थी,लेकिन गिरप्तारी नहीं हो पायी थी। विगत 4 वर्षो से इसकी गिरप्तारी हेतु काफी प्रयास किये जा चुके थे जिस कारण से पुलिस मुख्यालय उत्तराखण्ड द्वारा इस अभियुक्त की गिरफ्तारी पर एक लाख रूपये का ईनाम रखा गया था। इसके अलावा जनपद उद्यमसिंहनगर द्वारा 25 हजार 'रूपये का ईनाम इसकी गिरप्तारी के लिये घोषित किया गया था। संतोष जायसवाल की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ टीम द्वारा घोडासन में ही मुखबिर सक्रिय किये गए थे, जिनसे संतोष जायसवाल के संबंध में सूचना प्राप्त हुई कि यह अपने गिरोह सहित दिल्ली गुरुग्राम नोएडा में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है ।सूचना के आधार पर एसटीएफ देहरादून से एक टीम नई दिल्ली पहुंची एवं नई दिल्ली में एसटीएफ की टीम ने अभियुक्त के छिपने के सम्भावित स्थानों में दबिशें दी। टीम ने शनिवार को संतोष को दुर्गापुरी एक्सटेंशन दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने बताया कि संतोष ने उत्तराखण्ड के अलावा देश के कई राज्यों में घटनाओं को अंजाम दिया है। एसएसपी ने बताया कि पूर्वी चंपारण बिहार के पास घोडासन गैंग/चादर गैंग द्वारा सम्पूर्ण भारत वर्ष में आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया जाता है। इस गैंग के सदस्य गिरोह बनाकर अपने राज्य से बाहर अलग अलग राज्यों के बड़े शहरों में अपना गैंग लेकर चलते है व शहर के बाहर होटल किराए पर लेते हैं। फिर उस शहर में घटना घटित करने के लिये पहले किसी बड़ी ब्रान्डेड मोबाईल फोन/इलैक्ट्रानिक गैजेट्स की कम्पनी के शोरूम को चिन्हित करते है। उसके बाद रात्रि में उस शोरूम के बाहर चादर लगाकर गिरोह के सदस्य खड़े होते हैं और इस चादर की आड़ में एक सदस्य शोरूम का शटर उठाकर अन्दर जाता है, वहां से लाखों रूपये के कीमती मोबाईल फोन,लैपटॉप आदि मंहगे गैजेट्स को चोरी कर गैंग के सदस्यों के साथ फरार हो जाते हैं। फिर ये चोरी गये मोबाईल फोन व अन्य कीमती इलेक्ट्रॉनिक सामान को नेपाल जाकर बेच देते हैं, जिससे वे सर्विलान्स से ट्रैक नहीं हो पाते हैं। इस गैंग के सदस्यों का एक जगह ठिकाना नहीं रहता हैं, जिस कारण से इनकी आसानी से गिरप्तारी संभव नहीं हो पाती है।

**रूद्रपुर में खुला...**आना, बच्चा रोकथाम के उपाय, मेडिकल कैंप सहित अन्य कई रोगों के उपचार की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि हॉस्पिटल में रोगियों की भर्ती, आईसीयू की विशेष सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही किडनी सर्जन डा. रोहित जुनेजा भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। गौरतलब है कि डा. नीतिक बाठला के पिता डा. मदन लाल बाठला पिछले करीब चालीस वर्षों से नगर में चिकित्सा क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाए हुए हैं। माता पिता के आर्शीवाद, उच्च संस्कारो तथा मेहनत की बदौलत आज उनके सुपुत्र डा. नीतिक बाठला एवं पुत्रवध डा. मनप्रीत आनंद बाठला ने अपने नव प्रतिष्ठान बाठला हॉस्पिटल एंड मेटरनिटी सेंटर का शुभारंभ किया है। इससे पूर्व नव प्रतिष्ठानमें श्री सुखमनी साहिब का पाठ हुआ एवं महिलाओं द्वारा शबद कीर्तन गाये गये। उद्घाटन मौके पर डा. नीतिक बाठला व डा. मनप्रीत आनंद बाठला ने माता पिता का आर्शीवाद लिया। इस मौके पर डा. चरनजीत सिंह, डा.सतेंद्र कौर, डा.गुरजीत कौर, डा. स्मिता श्रीवास्तव,डा. रश्मि जेवियर, डा. भाकुनी, डा. मनदीप कौर, डा. अजय, डा. रणजीत सिंह गिल, डा. दीपक छावड़ा, डा. बलबीर सिंह धंजू, डा. वीके जोशी, डा . विशाल रस्तोगी, सहित भारी संख्या में नगर के गणमान्य अतिथि मौजूद थे।

**कड़ी सुरक्षा में हुई...**लागू की गयी थी। परीक्षा केन्द्रों पर वीडियो ग्राफी भी कराई गयी। साथ ही अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र के अंदर बैग, मोबाइल घड़ी आदि भी नहीं ले जाने दिये गये। अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश से पहले चेकिंग से गुजरना पड़ा। जिला मुख्यालय पर 14 केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित हुयी। इस बीच जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, एसएसपी मंजूनाथ टीसी के अलावा एसपी क्राइम चन्द्रशेखर घोड़के समेत अन्य पुलिस अधिकारी भी परीक्षा केन्द्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते नजर आये।

**तीन दुकानों में..**की ओर वाहन नहीं जा पाने के कारण राहत कार्य चलाने में काफी देरी हो गई। कई घंटों की मशक्कत के बाद किसी तरह दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया। मगर तब तक तीन दुकानें सामान समेत जलकर राख हो गई। एफएसएसओ चंदन राम आर्य ने बताया कि फिलहाल दुकान स्वामियों के साथ निरीक्षण कर नुकसान का आकलन किया जा रहा है। आग में मोबाइल और बेकरी का सारा सामान राख हो गया है। जिसमें लाखों के नुकसान की बात स्वामियों द्वारा कही जा रही है।

**पुलिस कस्टडी....**की भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन किया था। उसका परीक्षा केन्द्र रुद्रपुर के भंजूराम इंटर कालेज भूरारानी में पड़ा है। आरोपी ने विशेष सत्र न्यायाधीश पिथौरागढ़ के कोर्ट में परीक्षा देने की अनुमति के लिए आवेदन किया था। अनुमति मिलने के बाद शनिवार शाम को पिथौरागढ़ से उसे एक हेड कांस्टेबल और एक कांस्टेबल पुलिस कस्टडी में लेकर गोकुल सिंह को लेकर रुद्रपुर पहुंचे थे। आज पुलिस कस्टडी में गोकुल सिंह को परीक्षा केन्द्र ले जाया गया। जहां उसने पुलिस कस्टडी में ही परीक्षा दी।

**सीएम को दिखाए...** के हेलीपेड पहुंचे और यहां से कार से कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हुए। कालसी गेट पर पहले से मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाए। उधर विकासनगर की ओर से आ रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बैरिकेड लगाकर हरिपुर में उन्हें हिरासत में ले लिया। बीस से ज्यादा कार्यकर्ता हिरासत में लिए गए। झंडे दिखाने वालों में कांग्रेस और आर्यन छात्र संगठन के युवा शामिल हैं।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# प्रचंड बहुमत के अहंकार में डूबी है भाजपा सरकारः हरीश रावत

## प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में तीन दिन से चल रहा कार्यकर्ताओ का अनशन समाप्त
## बेरोजगार युवाओं पर दर्ज मुकदमे वापस नहीं हाने पर अनशन पर बैठने का ऐलान

देहरादून(उद संवाददाता)। बेरोजगार युवाओं पर पुलिस की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने शनिवार को लगातार दूसरे दिन कांग्रेसियों ने सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए पुलिस मुख्यालय कूच किया। हालांकि, पुलिस ने उन्हें बीच रास्ते में ही रोक दिया और हिसारात में लेकर पुलिस लाईन में छोड़दिया। इससे पूर्व प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस नेताओं का अनशन समाप्त हो गया है। शनिवार को बेरोजगार युवाओं पर हुए लाठीचार्ज प्रकरण पर सरकार द्वारा समिति गठित किए जाने और युवाओं पर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाने का आश्वासन दिया गया। जिसके उपरांत तीन दिवसीय अनशन पर बैठे युवा कांग्रेस के पदाधिकारी विकास नेगी, मनीष वर्मा,अजय रावत, अमान सिंह, जितेंद्र सिंह जीतू व अन्य को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के द्वारा जूस पिला कर उनका अनशन समाप्त कराया गया। कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठे पूर्व मुख्यमंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने बेरोजगार युवाओं पर लाठीचार्ज प्रकरण में प्रदेश सरकार को आड़े हाथ लिया। उन्होंने इस प्रकरण को दुर्भाग्यपूर्ण बताते सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने भाजपा की ओर से कांग्रेस पर राजनीति करने के आरोपों को सकारात्मक रूप से लेते हुए इसका अर्थ सही दिशा में जाना बताया।





साथ ही चेतावनी दी कि यदि बेरोजगार युवाओं पर दर्ज किए गए मुकदमे वापस नहीं लिए गए तो वे अनशन पर बैठ जाएंगे। कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान पूर्व सीएम हरीश रावत ने भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली पर कई सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवा अपना हक मांग रहे हैं। उन्हें नौकरी चाहिए, वह भी परीक्षा देकर। युवा सरकार से कोई खैरात नहीं मांग रहे। साथ ही उन पर पुलिस का लाठीचार्ज बेहद निंदनीय है, जिसमें उचित कार्रवाई होनी चाहिए। हरीश रावत ने कहा कि भर्ती घोटालों में पूर्व में पकड़े गए आरोपितों को कड़ी सजा दी जाए। भाजपा सरकार के संरक्षण में आरोपित जमानत लेकर बाहर घूम रहे हैं। युवाओं का भविष्य खराब करने वालों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। हाईकोर्ट के सिटिंग जज की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर इस प्रकार के प्रकरण की जांच होनी चाहिए। उन्होंने बेरोजगार युवाओं को गिरफ्तार कर जेल में डाले जाने की भी निंदा की और दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग उठाई। साथ ही आगामी भर्तियों में इस प्रकार की धांधली की आशंका जताते हुए कहा कि भाजपा सरकार इस बात की गारंटी दे कि आगामी परीक्षाओं में कोई गड़बड़ी नहीं होगी। बेरोजगार युवाओं पर पुलिस की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए पुलिस मुख्यालय कूच किया। हालांकि, पुलिस ने उन्हें बीच रास्ते में ही रोक दिया। इसको लेकर पुलिस और कांग्रेसियों के बीच जमकर नोकझोंक हुई। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत और विधानसभा के उप नेता भुवन कापड़ी के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्त्ता कांग्रेस भवन में एकत्रित हुए। यहां से दोपहर करीब सवा एक बजे उन्होंने सुभाष रोड स्थित पुलिस मुख्यालय कूच किया। सेंट जोजफ्स तिराहे पर बैरिकेडिंग लगाकर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोक दिया। इससे गुस्साए कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिस से धक्का-मुक्की शुरू कर दी। जब प्रदर्शनकारी आगे नहीं निकल पाए तो वहीं धरने पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे। इससे सड़क जाम हो गई। यातायात व्यवस्था बिगड़ती देख पुलिस ने कुछ नेताओं को हिरासत में लेकर जबरन उठाया और सड़क खाली कराई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि प्रदेश के बेरोजगार नौजवान सरकार से केवल रोजगार चाहते हैं। वह चाहते हैं कि भर्ती परीक्षाएं पारदर्शी तरीके से कराई जाएं। भर्ती परीक्षाओं में हुए घोटालों की हाई कोर्ट के जज की निगरानी में सीबीआइ जांच करवाई जाए। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि धामी सरकार प्रचंड बहुमत के अहंकार में है। वह न तो बेरोजगारों की आवाज सुनना चाहती है और न विपक्ष की ही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुकी है। विधायक हरीश धामी, महानगर अध्यक्ष डा. जसविंदर सिंह गोगी, प्रवक्ता गरिमा माहरा दसौनी, उपाध्यक्ष संगठन मथुरा दत्त जोशी, महामंत्री संगठन विजय सारस्वत, गोदावरी थापली, हेमा पुरोहित, पुष्पा पंवार, विरेंद्र पोखरियाल आदि ने भी कार्यकर्त्ताओं को संबोधित किया।

# जेई-एई भर्ती परीक्षा घोटाले में मामा भांजे सहित तीन गिरफ्तार

## पूर्व भाजपा नेता समेत दो आरोपितों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित

हरिद्वार(उद संवाददाता)। लेखपाल और जेई-एई भर्ती परीक्षा घोटाले में एसआइटी ने तीन और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो आरोपित भर्ती घोटाले में पहले से जेल में बंद संजीव दुबे के सगे भाई हैं, जबकि तीसरा आरोपित उसका मामा है। आरोपितों ने मोटी रकम के लालच में पेपर हल करवाने के दौरान अभ्यर्थियों की निगरानी की थी। तीनों आरोपित सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) के रहने वाले हैं। उनसे पूछताछ में एसआइटी को इस घोटाले में शामिल कुछ और आरोपितों के नाम पता चले हैं, जिनकी तलाश शुरू कर दी गई है। वहीं, संजय धारीवाल अब तक एसआइटी की पकड़ से बाहर है। दोनों भर्ती घोटालों में अब तक 19 आरोपित गिरफ्तार किए जा चुके हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि लेखपाल और जेई-एई का पेपर लीक करने के आरोप में पूर्व में गिरफ्तार किए गए आरोपितों व नकल में शामिल अभ्यर्थियों से पूछताछ की गई थी। इसमें पता चला कि संदीप व अमित निवासीगण ग्राम कुलचंदपुर उर्फ नथौड़ी



सहारनपुर और सुरेश उर्फ मनत्तू निवासी गांव नल्हेड़ा सहारनपुर भी धांधली में शामिल थे। आरोपितों की संलिप्तता की पुष्टि होने पर शनिवार को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। संदीप और अमित लेखपाल पेपर लीक में जेल में बंद संजीव दुबे के सगे भाई हैं, जबकि सुरेश उसका मामा है। संदीप व अमित को सहारनपुर और सुरेश को हरिद्वार में दबोचा गया। आरोपितों ने संजीव दुबे के कहने पर पेपर खरीदने वाले अभ्यर्थियों की निगरानी की थी। तीनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। एसआइटी प्रभारी रेखा यादव ने बताया कि सुरेश ने सहारनपुर के बिहारीगढ़ स्थित रिजार्ट में अभ्यर्थियों को लेखपाल भर्ती परीक्षा का पेपर हल करवाने और उनकी निगरानी करने के लिए 20 हजार रुपये लिए थे। इसके अलावा हरिद्वार के भूपतवाला में भारत माता मंदिर के पास स्थित धर्मशाला और सहारनपुर के हसनपुर में अभ्यर्थियों को जेई-एई के पेपर हल करवाए गए। जहां क्रमशः संदीप और अमित ने अभ्यर्थियों की निगरानी की थी। पेपर लीक प्रकरण में फरार चल रहे पूर्व भाजपा नेता संजय धारीवाल और मास्टरमाइंड संजीव चतुर्वेदी के भांजे अनुराग पांडेय की गिरफ्तारी पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि अनुराग पांडेय कि गिरफ्तारी के लिए एक टीम उत्तर प्रदेश के बलिया भेजी गई है। वहीं, गांव मोहम्मदपुर जट मंगलौर निवासी पूर्व भाजपा नेता संजय धारीवाल की जल्द गिरफ्तार नहीं हुई तो कुर्की की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# साइकिल से 21 राज्यों की यात्रा कर लौटे भाष्कर का भव्य स्वागत

गरुड़(उद संवाददाता)।गरुड के मेलाडुंगरी निवासी भाष्कर भंडारी भारत भ्रमण कार्यक्रम को पूरा कर सकुशल घर पहुंच गए है।जनवरी 2022 में साइकिल से भारत भ्रमण पर निकले भास्कर भंडारी ने 21राज्यो में भ्रमण किया। घर पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया।भास्कर ने बताया कि उन्होंने साईकिल से लगभग 12 हजार किलोमीटर की यात्रा की।इस दौरान उन्होंने विभिन्न राज्यों में जाकर वहां के संस्कृति की जानकारी जुटाई। कहा कि वे अनेकता में एकता विषय को लेकर भारत भ्रमण पर निकले थे। यह उनके लिए एक नया अनुभव था, वर्तमान में युवा नशे की तरफ बढ़ रहे है,ऐसे में युवाओं का खेल व अन्य



रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ानी आवश्यक है। स्वागत कार्यक्रम में उनके पिता केदार सिंह भंडारी,माता गंगा देवी,दादी माधवी देवी, बहन अर्चना भंडारी, ग्राम प्रधान कौशल्या देवी, पूर्व ग्राम प्रधान बलवंत सिंह भंडारी,दान सिंह भंडारी, दिगपाल सिंह भंडारी, दीवान सिंह भंडारी,मनोज तिवारी,राजेंद्र भंडारी,जगदीश भंडारी, प्रकाश भंडारी,कार्तिक सोलर के प्रबंधक जगदीश तिवारी आदि मौजूद थे।

# अशोक लीलैंड के खिलाफ फूटा आक्रोश

## कांग्रेस नेता हरीश पनेरू ने दी आत्मदाह की चेतावनी,अर्धनग्न होकर किया प्रदर्शन
## विधायक सुमित के अनुरोध पर एसडीएम ने दस दिन में समाधान का आश्वासन दिया

रुद्रपुर। सिडकुल की अशोक लीलैंड कंपनी में स्थायी नौकरी की मांग को लेकर शनिवार को युवाओं का आक्रोश फूट गया और जोरदार प्रदर्शन शुरू करदिया। वहीं प्रदर्शन की सूचना पर वहां पहुंचे हल्द्वानी के विधायक सुमित हृदयेश, कांग्रेस नेता हरीश पनेरू समेत कई डिप्लोमाधारियों ने आत्मदाह की चेतावनी दी। करीब चार







घंटे तक हुए हंगामे के बाद युवाओं का गुस्सा शांत कराने के लिए जिला प्रशासन ने 10 दिन का समय मांगकर समस्या सुलझाने का आश्वासन दिया। कंपनी प्रबंधन से वार्ता करने के बाद समाधान नहीं निकला तो कांग्रेस विधायक सुमित, नेता हरीश पनेरू समेत अन्य युवाओं ने अर्धनग्न होकर आत्मदाह की चेतावनी दी। यही नहीं हरीश पनेरू ने आत्मदाह करने के लिए पेट्रोल भी मंगवा लिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और युवाओं का आक्रोश देख एसडीएम प्रत्यूष सिंह ने मामले का समाधान करने के लिए 10 दिन का समय मांगा है। कांग्रेस विधायक सुमित और कांग्रेसी नेताओं की अगुवाई में इंडस्ट्रियल प्रोसेस का डिप्लोमा कर चुके करीब 70 युवा शनिवार को अशोक लीलैंड कंपनी के बाहर एकत्र हुए। सूचना मिलने पर पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा। युवाओं ने कंपनी पर इंडस्ट्रियल प्रोसेस का फर्जी डिप्लोमा देने का आरोप लगाया। कहा कि इस डिप्लोमा से सिडकुल की अन्य कंपनियों में नौकरी नहीं मिल रही है। विधायक सुमित ने कहा कि कंपनी ने चार साल तक युवाओं से स्टाइपैंड में काम करवाया। प्रदेश के 70 फीसदी युवाओं को रोजगार देने के लिए सिडकुल की स्थापना कांग्रेस काल में की गई लेकिन युवाओं को कंपनी से बेरोजगार किया जा रहा है। डीएम, एसएसपी भी समस्या नहीं सुलझा पा रहे। उन्होंने कहा कि पूर्व डीएम रंजना राजगुरु ने कई युवाओं को कंपनी में दोबारा रोजगार भी दिलाया था। इसके बावजूद कई प्रशिक्षु बेरोजगार हैं। प्रदर्शन कर रहे युवाओं ने मुक्त विश्वविद्यालय पर आरोप लगाया कि उसके औद्योगिक प्रशिक्षण सहयोगी संस्थान अशोक लीलैंड में उनसे चार साल तक काम करवाया गया लेकिन किसी को दो साल तो किसी को एक साल का डिप्लोमा दिया गया। सिडकुल की अन्य कंपनियों ने इस डिप्लोमा को फर्जी बताया है। यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने कहा की अगर जिला प्रशासन की ओर से 10 दिन के अंदर मामले का समाधान नहीं किया गया तो कंपनी के आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा। कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी दर बढ़ती जा रही है। इससे बचाने के लिए युवाओं को स्थायी नौकरी देकर फर्जी डिप्लोमा देने वालों को सजा होनी चाहिए। इस दौरान कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा, यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू, गौरव जयसवाल, लाल सिंह पवार, मिमांशा आर्या, अमित अधिकारी, भरत नेगी, राकेश पांडे, प्रकाश कंडारी, प्रहलाद आदि थे।